उज्जैन
मंगलवार
26
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-202
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



एआई बिकनी वीडियो पर भड़कीं एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत फेक कंटेंट फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही



## ट्रम्प मुस्लिम देशों से बोले- इजराइल से दोस्ती करें

**वॉशिंगटन।** ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजराइल के साथ रिश्ते बेहतर करने को कहा है। उन्होंने शनिवार को सऊदी अरब, कतर,



पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र और जॉर्डन के नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की। ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम अकॉर्ड्स (समझौते) में शामिल हों। यानी इजराइल के साथ रिश्ते बेहतर करें। ट्रम्प ने कहा कि वअए और बहरीन पहले से अब्राहम समझौते का हिस्सा हैं। कुछ देशों के पास इसमें शामिल न होने की एक-दो वजहें हो सकती हैं, लेकिन ज्यादातर देशों को इसके लिए तैयार होना चाहिए।

## कर्नाटक सीएम और उपमुख्यमंत्री की आज राहुल-खड़गे के साथ मीटिंग

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और डीप्टी सीएम डीके शिवकुमार आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के साथ बैठक करेंगे। राज्य में मुख्यमंत्री और कैबिनेट में बदलाव की चर्चाओं के बीच दोनों सोमवार रात को दिल्ली पहुंचे। सिद्धारमैया के साथ कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर भी थे। दिल्ली पहुंचने के बाद सिद्धारमैया ने कहा- हाईकमान ने बुलाया है, इसलिए आया हूं। बैठक का एजेंडा क्या है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। वेणुगोपाल ने फोन कर समय और तारीख बताई थी। वहीं शिवकुमार ने दिल्ली रवाना होने से पहले कहा, कुछ परिस्थितियों में दिल्ली जाना जरूरी हो जाता है, इसलिए जा रहा हूं।

## भारत दलाई लामा उत्तराधिकार मामले से दूर रहे यह हमारा आंतरिक मसला

**बीजिंग।** चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म



और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। चीन का यह बयान ऐसे समय आया है जब 27 मई को भारत के धर्मशाला में सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन यानी निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रमुख पेनपा त्सेरिंग दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं।

## मुंबई में रेलवे पुलिस ने 5 साल में 2,100 से अधिक बच्चों को परिजनों से मिलाया

**मुंबई।** रेलवे पुलिस ने पिछले पांच वर्षों में ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। इस विशेष अभियान के माध्यम से रेलवे नेटवर्क पर लावारिस, भटके हुए या असुरक्षित स्थिति में मिले 2,117 बच्चों को उनके माता-पिता से दोबारा मिलाया गया है। इसके साथ ही इसी अवधि में 345 लापता वयस्कों को भी खोजकर उनके परिवार से मिलवाया। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि साल 2021 से अब तक मुंबई के रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में अकेले यात्रा कर रहे या भटकते हुए पाए गए 6,000 से अधिक बच्चों को पुलिस सुरक्षा में लिया गया। इनमें से कई बच्चों को सुरक्षित उनके गृह राज्यों में भेजा गया या परामर्श के बाद उनके माता-पिता को सौंपा गया।

### भारतीय पत्रकार संघ ने नारेबाजी के साथ कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

# बदमिजाज कर्मी मिश्रा पर प्रशासनिक नकेल नहीं कसी तो जनसंपर्क विभाग का घेराव, धरना होगा

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ उज्जैन



सोमवार को अपनी घोषणा के अनुसार भारतीय पत्रकार संघ ने बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति में जनसंपर्क विभाग के उद्दंड, अनुशासनहीन, परीविक्षाधीन कर्मी कपिल मिश्रा के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर कलेक्टर के प्रतिनिधि को संघ के अध्यक्ष किशोर दग्दी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान पत्रकारों ने साफ कहा कि अगर बदमिजाज कर्मी पर प्रशासनिक नकेल नहीं कसी गई तो पत्रकारों का अगला कदम जनसंपर्क विभाग का घेराव एवं धरना होगा।

पत्रकारों एवं जनसंपर्क विभागीय अधिकारियों से अभद्रता का आदि हो चुका बदमिजाज जनसंपर्क कर्मी कपिल मिश्रा की उदद्ंडता पर लगाम कसने के लिए भारतीय पत्रकार संघ ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को इस कर्मी के विरूद्ध कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं आयुक्त जनसंपर्क के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दग्दी ने बताया कि जनसंपर्क विभाग के परीविक्षाधीन कर्मी कपिल मिश्रा की पत्रकारों एवं विभागीय कर्मियों एवं अधिकारियों के साथ बढ़ती उद्दंडता एवं अनुशासनहीनता को लेकर संघ ने यह ज्ञापन दिया है। हाल ही में षडयंत्रों के साथ कपिल मिश्रा ने दैनिक अवंतिका में पहुंचकर वहां बगैर अनुमति के रहवासी परिसर में विडियोग्राफी जैसे आपराधिक कृत्य को अंजाम दिया है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने अगर जल्द ही इस बदमिजाज कर्मचारी पर नकेल कसने की कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया तो ऐसी स्थिति में इसके हौंसले बढ़ेंगे और सिंहस्थ के दौरान इसके इन्ही कृत्यों से यह शासन प्रशासन की बदनामी का एक बड़ा कारण बनेगा।

### विभागीय अधिकारी से की थी अभद्रता

कपिल मिश्रा ने उज्जैन कार्यालय में ज्वाईन करने के बाद से ही विवादित रूप ले लिया है। पूर्व में विभागीय अधिकारी सहायक संचालक रोमिल उईके के साथ इसने अनुशासनहीनता करते हुए अभद्रता की थी। जिसकी शिकायत जनसंपर्क के वरिष्ठालय को हुई थी लेकिन कई जांचों को दबाने वाले संचालनालय में अधिकारी एक युवा अजजा अधिकारी के अपमान के मामले को भी घोलकर पी गए। पूरे मामले को दबाने के बावजूद वरिष्ठ अधिकारी इसके आचरण में सुधार नहीं ला सके। इससे इसके हौंसले बुलंद होने लगे और कपिल मिश्रा आए दिन पत्रकारों एवं विभागीय कर्मचारियों से उलझने का आदि हो गया है।

### सिंहस्थ ऐसे कर्मियों की उपस्थिति में होगा?

श्री दग्दी के अनुसार वर्ष 2028 में सिंहस्थ का महाआयोजन होने वाला है। उसकी जानकारी के लिए देश भर के मिडियाजन वर्तमान में जनसंपर्क विभाग से संपर्क साधने में लगे हैं। ऐसे में इस उद्दंड और बदमिजाज कर्मचारियों की वजह से शहर और जिले की व्यवहारिकता एवं अनुशासन पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। श्री दग्दी ने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन का सिंहस्थ ऐसे कर्मचारियों की उपस्थिति में पूर्ण करवाने का लक्ष्य है।

### मनमानी की नौकरी कर रहा

कपिल मिश्रा विभागीय नियमों एवं कर्मचारी आचरण संहिता को ताक में रखकर शासकीय कार्य करने का आदि है। उज्जैन जिला मुख्यालय पर यह निवास नहीं करता है । देवास से अपडाउन करना इसकी आदत बनी हुई है। इसके साथ ही कार्य की लापरवाही के हाल यह हैं की जनसंपर्क विभाग के सोश्यल मिडिया व्हाटसप अकाउंट पर खबरों को डालने के बाद कई बार डिलीट करते हुए उनमें करेक्शन कर देता है। ऐसी स्थिति में समाचार पत्रों में प्रकाशित विभाग की सूचना एवं समाचारों पर सवालिया निशान के हालात बनते हैं। एक बार समाचार प्रकाशन के लिए जारी करने के बाद उसे डिलिट किए जाने में संशोधन का उपयोग भी नहीं करता है। प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण के समाचारों में अन्य विभागीय अधिकारियों को अपमानित करने वाली भाषा एवं उद्देश्य के साथ समाचार का लेखन करता है जबकि यह खुद ही परीविक्षाधीनकर्मी है।

## सीएनजी 2 रु. तक महंगी, दिल्ली में कीमत 83.09 किलो

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ नई दिल्ली

ईरान जंग के बीच कंप्रेस्ड नेचुरल गैस यानी सीएनजी के दाम पिछले दो हफ्तों के भीतर चौथी बार बढ़ गए हैं। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने आज मंगलवार 26 मई को सीएनजी 2 प्रति किलोग्राम महंगी कर दी है। दिल्ली-एनसीआर सहित कई शहरों में ये दाम बढ़ाए गए हैं। तेल कंपनियों ने 25 मई को पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है।

## यूपी का बांदा लगातार 8वें दिन 47 डिग्री पार

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ लखनऊ

देश के उत्तर-पश्चिम में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर में दिल्ली-हिमाचल, यूपी, दक्षिण-पश्चिम में ओडिशा और तेलंगाना भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और सेंट्रल इंडिया में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के एमपी से लगा हिस्सा और छत्तीसगढ़ में गर्मी का सबसे खतरनाक दौर चल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को यूपी के बांदा और विदर्भ का ब्रह्मपुरी में सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां लगातार 8वें दिन 47 डिग्री से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। छतरपुर का खजुराहो 47.2 डिग्री के साथ तीसरे नंबर पर और नौगांव 46.8 डिग्री के साथ चौथा सबसे गर्म शहर रहा। बढ़ती गर्मी के कारण पंजाब सरकार ने सरकारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। सरकारी स्कूल और दफ्तर सुबह साढ़े 7 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक खुलेंगे। चंडीगढ़ के स्कूलों में समर कैंपों में आउटडोर एक्टिविटी पर रोक लगा दी गई है। बात मानसून की करें तो यह पिछले तीन दिन से केरल के तट से 30-35 किमी दूर अटका है।

## मप्र कृषि उपज मंडी नियम, 2009 में बड़े बदलाव करने की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ उज्जैन

सरकार ने अपनी आय बढ़ाने मप्र कृषि उपज मंडी नियम, 2009 में बड़े बदलाव करने की तैयारी कर ली है। नए नियमों में मंडियों में जमीन और दुकानों का आवंटन पूरी तरह ई-नीलामी के जरिए होगा। खास बात यह है कि सरकारी निगम-मंडलों के साथ ही रजिस्टर्ड सहकारी समितियों को ई-नीलामी में शामिल होने की भी जरूरत नहीं होगी। इन्हें मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक ही गोदाम, दुकान या जमीन अलॉट कर देंगे, वह भी एकमुश्त पूरे 30 सालों की लीज पर। मंडियों की कीमती प्रॉपर्टी किराए पर भी 30 साल के लिए दी जा सकेंगी। कृषि विभाग ने इसके लिए 18 मई को नया ड्राफ्ट जारी किया है और आम जनता व व्यापारियों से 30 दिन के भीतर आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। नए नियमों के मुताबिक मंडी समितियों में किसी भी भूखंड, दुकान और गोदाम का आवंटन फॉर्म भरकर या सीधे नहीं होगा। इसके लिए सरकार ई-टेंडर पोर्टल की मदद लेगी। मंडी समिति को इस मसौदे में केवल ये अधिकार दिए गए हैं कि वे चाहें तो टेंडर फॉर्म के लिए अधिकतम 1,000 रुपये एवं जीएसटी की भी फीस तय कर सकती है।

इन दुकानों, गोदामों और प्लॉट के ऑनलाइन फॉर्मों की जांच के लिए हाई लेवल नीलामी समिति बनेगी, जिसमें मंडी अध्यक्ष, कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में डिप्टी कलेक्टर, मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक और कार्यपालन यंत्री तथा संबंधित मंडी सचिव शामिल होंगे। कमेटी की बैठक के लिए तीन सदस्यों का कोरम अनिवार्य होगा। ड्राफ्ट के मुताबिक पहली बार में सही कीमत न मिलने पर मंडी समिति दूसरी और तीसरी बार भी टेंडर निकालेगी। यदि तीसरी बार भी कोई खरीदार नहीं मिलेगा, तो मंडी बोर्ड के एमडी की मंजूरी से रिजर्व प्राइस से 25 फीसदी कम में आवंटन किया जा सकेगा। इसके अलावा अगर समिति चाहे तो बनी हुई दुकानों और गोदामों को अधिकतम तीन साल के लिए किराए पर दे सकेगी।

## सीजफायर के बीच अमेरिका का ईरान पर हमला

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ तेल अवीव

अमेरिका और ईरान के बीच जारी सीजफायर वार्ता के बीच अमेरिकी सेना ने मंगलवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास बारूदी सुरंग बिछा रही बोट्स को निशाना बनाया। इसके अलावा बंदर अब्बास पोर्ट के पास सरफेस टू एयर मिसाइल साइट पर भी हमला किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) के मुताबिक यह कार्रवाई सेल्फ-डिफेंस यानी आत्मरक्षा में की गई। सेंटकाम के प्रवक्ता टिमोथी हॉकिन्स ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों और युद्धपोतों को खतरे से बचाने के लिए ये हमले किए गए। अमेरिकी सेना का आरोप है कि बारूदी सुरंगें बिछाने से अंतरराष्ट्रीय जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों को खतरा हो सकता था। हालांकि, हॉकिन्स ने यह भी कहा कि सीजफायर के दौरान अमेरिका संयम बरत रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस हमले से दोनों देशों की बातचीत में थोड़ी रुकावट जरूर पैदा कर सकती है, लेकिन फिलहाल शांति वार्ता रुकती नहीं दिख रही।



## खबर एक नजर...

### हाथ भट्टी की शराब ठिकाने लगाने निकले थे युवक

**उज्जैन।** बाइक पर सवार होकर 2 युवक हाथ भट्टी पर बनी जहरीली शराब ठिकाने लगाने के लिये निकले थे। भाटपचलाना थाना पुलिस को सूचना मिली कि बाइक सवार रूनिजा की ओर आ रहे है। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने टीम के साथ गजनीखेड़ा तिराहे पर नाकाबंदी की। तभी बाइक से 2 युवक आते दिखाई दिये, जिनके पास एक प्लास्टिक की केन थी। दोनों को पुलिस टीम ने रोका और केन को कस्टड़ी में लेकर उसकी जांच की। केन में जहरीली कच्ची शराब भरी होना सामने आई। दोनों युवको को हिरासत में लिया गया और बाइक जप्त कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उनके नाम विनोद पिता प्रभुलाल बामनिया 32 साल और राजु उर्फ राजेश पिता कालूराम गामड 22 साल निवासी ग्राम बिसाहेडा थाना बडनगर होना सामने आये। 10 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद होने पर दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश मिलने पर उपजेल बड़नगर भेजा गया है।

### जगदीश मंदिर से 16 जुलाई को जगन्नाथ की रथ यात्रा, बैठक में तैयारी पर चर्चा

**उज्जैन।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 16 जुलाई को कार्तिक चौक स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से निकलेगी जो प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान जगन्नाथ की महाआरती कर महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन समिति की बैठक रविवार को हुई। समाज के सोशल मीडिया प्रभारी राजेश जामलिया के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया, युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल सहित सभी जिला अध्यक्ष, समाजसेवी, वरिष्ठजन और समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में बैठक में रथयात्रा के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था पर चर्चा की गई। स्वागत मंच, पेयजल व्यवस्था पर निर्णय हुआ और साफ-सफाई की जिम्मेदारी तय की गई। महाप्रसादी वितरण की व्यवस्था पर भी बात हुई। व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। बैठक में मौजूद समाजजन ने लोगों से रथयात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया।

### ओपन स्टेट स्विमिंग में भाग लेंगे उज्जैन के 6 तैराक

**उज्जैन।** मप्र स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा रीवा में आयोजित होने वाली स्टेट ओपन स्विमिंग कॉम्पिटिशन में उज्जैन के 6 तैराक शामिल होंगे। 15-16 और 17-18 आयु वर्ग में होने वाली प्रतियोगिता में प्रदेश के 200 से ज्यादा तैराक भाग ले रहे हैं। 15-16 आयु वर्ग में उज्जैन के शिवोह्म तिवारी, जुनैना हुसैन, आद्या राय, समर्थ गेहलोत, रौनक धारीवाल और 17-18 आयु वर्ग में सिद्धेश जैन चुनौती पेश करेंगे। 30 मई से 2 जून तक चलने वाली चार दिवसीय प्रतियोगिता पहले चार वर्गों में होना थी, लेकिन गर्मी के कारण इसे फिलहाल ग्रुप ए और बी वर्ग तक ही सीमित किया है। 11-13 और 11-12 आयु वर्ग की प्रतियोगिता बाद में आयोजित की जाएगी।

### मुंबई सेंट्रल-इंदौर के बीच स्पेशल ट्रेन पुनः विस्तारित

**उज्जैन।** गर्मी की छुट्टियों और यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखकर मुंबई सेंट्रल से इंदौर के मध्य चलने वाली 09085/09086 मुंबई सेंट्रल-इंदौर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे पुनः विस्तारित किए गए हैं। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया ट्रेन संख्या 09085 मुंबई सेंट्रल-इंदौर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 29 मई तक निर्धारित है, अब 27 जुलाई तक मुंबई सेंट्रल से चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09086 इंदौर-मुंबई सेंट्रल द्वि-साप्ताहिक स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 30 मई निर्धारित है, अब 28 जुलाई तक इंदौर से चलेगी। यह ट्रेन पूर्व निर्धारित मार्ग, कोच कंपोजिशन, दिन एवं ठहराव के साथ ही चलेगी। इनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## माधव कालेज प्राचार्य पर मनमानी का आरोप, थाने में आवेदन दिया

# बगैर प्रक्रिया पूर्ण किए अजा छात्र को कॉलेज से निष्काषित किया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




शासकीय माधव महाविद्यालय प्राचार्य पर एम ए द्वितीय सेमेस्टर दर्शन शास्त्र के विद्यार्थी एवं शाजापुर निवासी अखिलेश पिता शंकरलाल अस्तेय ने जातिगत आधार पर दुर्भावना पूर्वक कालेज से निष्काषित करने का आरोप लगाया है। छात्र ने इसे लेकर अजाजजा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग रखी है। साथ ही कहा कि प्राचार्य श्रीमती डॉ. कल्पना सिंह ने नियम कानून को ताक में रखकर ऐसा किया है।

छात्र ने बताया कि वह 8 मई को शैक्षणिक कार्य से कालेज गया था। इस दौरान प्राचार्या कुछ विद्याथीर्यों को विशेष सुविधा के हिसाब से अलग कमरे में परीक्षा दिलवा रही थी । इस पर मैने आपत्ति ली थी। परीक्षा दे रहे ऐसे विद्याथीर्यों का वीडीयो अपने मोबाईल से बनाया था। इस पर नाराज हुई और जाति सूचक शब्दों का उपयोग करते हुए कहा कि तुम्हे ज्यादा नेतागिरी चढ़ रही है। अभी पुलिस में नकल में मदद करने तथा शासकीय कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने का मुकदमा दर्ज करवा दूंगी । सब नेतागिरी धरी रह जाएगी, भविष्य बर्बाद हो जाएगा। इस दौरान छात्र हिमांशु शुक्ल एवं रोहित लश्करी भी उपस्थित थे। इसके बाद 13 मई को मुझे बुलाकर पुनः धमकाया गया । शासकीय कार्य में बाधा व परीक्षाथीर्यों को नकल करवाने का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देकर एक शपथ पत्र का प्रोफार्मा कम्प्यूटर से निकाल कर दिया और स्टाम्प पर इसे लाकर देने का कहते हुए प्राचार्या ने रूपए 200/- भी दिए। मेडम के द्वारा दिए गए प्रोफार्मा अनुसार शपथ पत्र तैयार कर मेडम को दिया गया। इसके उपरांत 20 मई को महाविद्यालय पहुंचने पर एक माह के निलंबन का पत्र मुझे दिया गया।इस पर प्राचार्या को निलंबन की प्रक्रिया के पालन के संबंध में कहा गया तो प्राचार्य ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए धक्के देकर कॉलेज से निकाल दिया और बोला कि आज के बाद कॉलेज में नजर आया तो तुझे पुलिस में रिपोर्ट डालकर जेल भिजवा दूंगी तेरा भविष्य खराब कर दूंगी तूने अभी नेट व सेट की जो एक्जाम दी है भविष्य में कहीं भी नौकरी करने लायक नहीं छोडूंगी। सभी घटना कॉलेज में लगे सी सी टीवी कैमरों में कैद हुई है जिनको जब्त कर साक्ष्य देखे जा सकते हैं।

### ये है निष्कासन की प्रक्रिया

विधि के जानकारों के अनुसार किसी भी विद्यार्थी को विद्यालय / महाविद्यालय से दंड स्वरूप निष्कासन की प्रक्रिया में नियमों का पालन किया जाना आवश्यक है। इस प्रक्रिया के बगैर निष्कासन विधिमान्य नहीं होता है। ऐसे मामलों में निष्कासन को न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।

1. **शिकायतः** टीचर, वार्डन या दूसरे छात्र लिखित शिकायत करते हैं।
2. **शो-कॉज नोटिसः** कॉलेज 7-15 दिन में जवाब मांगता है। क्यों न आपको निकाला जाए?
3. **जांच कमेटीः** प्रॉक्टर / अनुशासन समिति गवाह बुलाती है, सबूत देखती है।
4. **सुनवाईः** छात्र को अपना पक्ष रखने का मौका मिलता है। वकील ले जा सकते हो।
5. **फैसलाः** प्रिंसिपल / वीसी फाइनल ऑर्डर निकालते हैं।

# गंगा दशहरा पर उमड़ी भीड़

## क्षिप्रा घाटों पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान, साधु-संतों ने की पूजा-अर्चना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन में गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को श्रद्धा और आस्था का माहौल रहा। पवित्र क्षिप्रा नदी के घाटों पर सुबह से ही स्नान और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। साधु-संतों, महामंडलेश्वरों और देश-विदेश से आए अनुयायियों ने विधि-विधान से मां गंगा और क्षिप्रा नदी का पूजन कर पुण्य स्नान किया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रवींद्र पुरी और महामंत्री हरिगिरि महाराज सहित कई संतों ने क्षिप्रा में डुबकी लगाई। उन्होंने सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। घाटों पर दिनभर वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और पापों के नाश की कामना की।

**विदेशी शिष्या ने की घाटों की साफ-सफाई-** इस आयोजन में विदेशी श्रद्धालुओं की सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पायलट बाबा की शिष्या किकोआइकवा और जापान से आए उनके अनुयायियों ने भारतीय संस्कृति से प्रभावित होकर क्षिप्रा में स्नान किया। उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई कर सेवा कार्य भी किया, जिसकी संत समाज और स्थानीय लोगों ने सराहना की।

महामंत्री हरिगिरि महाराज ने गंगा दशहरा को पापों के नाश और पुण्य प्राप्ति का महापर्व बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंहस्थ-2028 के लिए कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही, उन्होंने क्षिप्रा नदी को जल्द पूरी तरह स्वच्छ और निर्मल बनाने की मांग की, ताकि आगामी सिंहस्थ और पर्व स्नानों में श्रद्धालुओं को शुद्ध जल मिल सके।

**अखाड़ा घाट से निकाला चल समारोह-** गंगा दशहरा पर दत्त अखाड़ा घाट से एक भव्य चल समारोह भी निकाला गया। यह समारोह विभिन्न मार्गों से होते हुए दातार अखाड़ा पर संपन्न हुआ। अधिक मास होने के कारण इस बार पारंपरिक संत पेशवाई नहीं निकाली गई, हालांकि घाटों पर दिनभर स्नान, पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक आयोजन जारी रहे।

## गंगा दशहरा पर नागेश्वर धाम कॉलोनी में निकली गंगा गीत यात्रा



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में नागेश्वर धाम कॉलोनी में बाल सभा के तत्वावधान में 'गंगा गीत यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं ने गंगा मैया का स्वरूप धारण कर कॉलोनी में भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसका रहवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

कार्यक्रम संयोजक हरेंद्रपाल सिंह चौहान ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य गंगा दशहरा पर्व मनाने के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण के प्रति समाज का ध्यान आकर्षित करना था। इस अवसर पर आरोग्य भारती के डॉ. सत्यप्रकाश अहिरवार ने पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। शोभायात्रा के कॉलोनी भ्रमण के दौरान डॉ. सत्यप्रकाश अहिरवार, जितेंद्र अग्रवाल, विजय सिंह जादौन सहित उपस्थित मातृशक्ति ने बालिकाओं का स्वागत कर उन्हें स्वल्पाहार भेंट किया। इस धार्मिक व सामाजिक आयोजन में काईसा, वीरा, नैंसी, ग्रेसी, नन्नू, चिकी, अरु, भूमि, श्री, राधे, तन्वी, भव्या, सोना, हितांशी और मिस्टी आदि बालिकाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

# उज्जैन में सकल जैन समाज ने निकाली विशाल मौन रैली

## राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति की मांग, रीवा की घटना के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन में सकल जैन समाज ने सोमवार को विशाल मौन रैली निकाली। यह रैली रीवा में जैन साध्वियों के साथ हुई घटना के विरोध में आयोजित की गई थी। समाजजनों ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करने की मांग की।

फ्रीगंज से शुरू हुई यह रैली घंटाघर पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं और युवा शामिल हुए। शहर के विभिन्न जैन समाजों, महिला मंडलों, युवा संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के हजारों लोगों ने शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से भाग लिया।

**मौन रहकर हाथों में बैनर और तख्तियां लिए आगे बढ़े-** रैली की शुरूआत फ्रीगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर से हुई। पूज्य आचार्यों और संतों के मार्गदर्शन में समाजजन मौन रहकर हाथों में बैनर और तख्तियां लिए आगे बढ़े। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए घंटाघर पहुंची, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम में पूज्य आचार्य डॉ. मुक्तिसागरसूरिजी महाराज, पूज्य डॉ. संयमरत्नविजयजी महाराज और पूज्य आर्यिका ज्ञेयमतिमाताजी संसघ विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रों में जबकि श्राविकाएं केशरिया वस्त्र धारण कर शामिल हुईं।

**दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग-** जैन समाज के दीपक जैन ने बताया कि रीवा की घटना से पूरा जैन समाज आहत है। समाज की मांग है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, देशभर में जैन संतों, साध्वियों और आर्यिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करे।

उज्जैन
मंगलवार
26
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते।
प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते॥

अर्थः प्राणत्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है। वह संकट पार कर जाता है।

## खबर एक नजर...

### मोदी सरकार के 12 सालःगांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियां बताएगी भाजपा

**इंदौर।** केंद्र में भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूरे होने पर मप्र भाजपा पूरे प्रदेश में एक बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। यह अभियान 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर 21 जून को विश्व योग दिवस तक चलेगा। 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलेगा, जिसमें पार्टी पदाधिकारी-जनप्रतिनिधि गांव-गांव पहुंचकर भाजपा की उपलब्धियां गिनाएंगे। इस दौरान प्रदर्शनी, जनसंपर्क होंगे। प्राकृतिक खेती, योग व अन्य प्रकल्पों पर चर्चा करेंगे। **सांसद-विधायक कार पूलिंग करेंगे :** अभियान के दौरान सांसद अपनी लोकसभा-विधानसभा व प्रत्येक विधायक को अपनी विधानसभा के हर मंडल में पूरा एक दिन बिताना होगा। इस दौरान वीआईपी कल्चर यानि वाहनों के काफिलों के बजाय कार पूलिंग या सार्वजनिक परिवहन से जनता के बीच पहुंचना होगा।

### इंदौर के तालाब में नहाने गया नाबालिग डूबा, टीले पर चढ़कर तालाब में कूदा

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया एक नाबालिग डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच की है। वह पानी में एक टीले से कूदा था, जहां गाद में फंस गया। दोस्तों ने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद आसपास के लोगों से मदद मांगी गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। टीआई देवेंद्र मरकाम के मुताबिक, महादेव नगर निवासी आशीष मकवाना अपने करीब 7 दोस्तों के साथ बिलावली तालाब में नहाने पहुंचा था। इस दौरान वह गहराई में जमी गाद में फंस गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। आशीष का परिवार मजदूरी करता है। परिवार में उसका एक भाई और है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### गंदगी मिलने पर हेडली पिज्जा रेस्टोरेंट को नोटिस

**इंदौर।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा इंदौर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर लगातार निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 17 खाद्य सैंपल जांच के लिए लैब भेजे। सी-21 मॉल के सामने जेमिनी मॉल स्थित हेडली पिजा रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट के किचन और स्टोरेज क्षेत्र में गंभीर अनियमितताएं और अस्वच्छ परिस्थितियां पाई गईं। किचन में साफ-सफाई का अभाव था तथा फ्रिज और फर्श पर कॉकरोच घूमते दिखाई दिए। खाद्य पदार्थ बनाने में उपयोग किया जा रहा तेल अत्यधिक जला हुआ और काला पाया गया। जूठन के डस्टबिन खुले मिले और तैयार खाद्य पदार्थ बिना ढके रखे पाए गए। कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं थे, जबकि पेस्ट कंट्रोल और पानी जांच का रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नहीं किया गया। निरीक्षण के दौरान बिना बैच नंबर और पैकिंग डेट वाले नमक का उपयोग पाया गया। खाद्य सामग्री रखने वाले रैक और मॉकटेल निर्माण क्षेत्र में भारी मात्रा में जंग भी मिली। मौके से पनीर, दही, जला हुआ तेल और नमक सहित कुल 4 सैंपल जांच हेतु लिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा-32 के तहत संबंधित फर्म और प्रोपराइटर को नोटिस जारी किया जा रहा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर-निगम कमिश्नर ने की वाटर सप्लाई की समीक्षा, अधिकारियों से कहा

# लगातार मॉनिटरिंग करो, लापरवाही नहीं होनी चाहिए

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर में लगातार बढ़ते जल संकट के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। पानी की समस्या को लेकर कई जगह चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन भी हो चुके हैं।

पानी की समस्या को देखते हुए सोमवार को कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने वॉटर सप्लाई व्यवस्था की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सभी अपर आयुक्त, विभागीय अधिकारी और संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान वर्तमान वॉटर सप्लाई व्यवस्था, पानी की टंकियों की स्थिति, वॉटर टैंकर संचालन, हाइड्रेंट व्यवस्था और लोगों को बिना परेशानी पीने का पानी उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने विभिन्न जोनों में जल वितरण की स्थिति, जल आपूर्ति के दौरान टैंकरों की उपलब्धता और संभावित समस्याओं के



निराकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि गर्मी में बढ़ती जल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें। जहां भी जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को समय पर और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर और निगम कमिश्नर ने स्काडा कंट्रोल रूम में पानी की टंकियां भरने और सप्लाई संबंधी जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### निर्धारित जोन से दूसरे जोन पर पानी डालते पकड़ा

- इधर, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने सभी अपर आयुक्तों से कहा है कि वे अपने-अपने आवंटित जोन क्षेत्रों में पानी की सप्लाई व्यवस्था की नियमित समीक्षा करें और फील्ड स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग करें।
- साथ ही, पानी की टंकियों की साफ-सफाई, जल वितरण व्यवस्था, हाइड्रेंट संचालन और टैंकर आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।
- आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा पानी बेचते टैंकर पकड़ने पर एजेंसी पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है जिसके अंतर्गत टैंकर जप्त करने के साथ एजेंसी पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ यह भी निर्देश दिए हैं कि निगम में अनुबंधित टैंकर का पानी वितरण हेतु क्षेत्र निर्धारित है, कोई टैंकर निर्धारित क्षेत्र अन्य जगह पानी वितरण करता है तो उसके विरुद्ध भी पेनल्टी की कार्यवाही की जाए।
- आज जोन क्रमांक 5 वार्ड क्रमांक 27 के दो टैंकर अपने निर्धारित क्षेत्र से अन्य स्थान पर पानी देते पाए गए, यह दोनों टैंकर फर्म आशा इंटर प्राइजेस के थे।
- जिसमें टैंकर नंबर टढ 39 अ 3346 जोन क्रमांक 5 वार्ड 27 में निर्धारित था किंतु जोन क्रमांक 7 वार्ड 34 में पानी डाल रहा था। इसी प्रकार टैंकर नंबर टढ 45 अअ 6004 जोन क्रमांक 5 वार्ड 27 में निर्धारित था किंतु जोन क्रमांक 8 वार्ड 37 में पानी डाल रहा था।
- आयुक्त सिंघल के निर्देश पर फर्म आशा इंटर प्राइजेस पर प्रति टैंकर 25000 के आधार पर 50000 की पेनल्टी लगाई गई।
- आयुक्त सिंघल द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कोई भी निगम द्वारा अनुबंधित टैंकर अगर पानी बेचते पकड़ा गया तो उस पर कड़ी कार्यवाही होगी।

### इंदौर में आज राजबाड़ा पर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

# महापौर से मांगा जाएगा इस्तीफा

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर शहर में लगातार आ रही पानी की समस्या से जनता परेशान है। पानी के लिए लोगों को यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। टैंकरों से भी उनके यहां की पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

शहर की कई कॉलोनियां, मोहल्ले, बस्तियां ऐसी है जहां लोगों को पानी की किल्लत उठाना पड़ रही है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए कांग्रेस एक बार फिर मोर्चा खोल रही है। मंगलवार को कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक राजबाड़ा पर बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि 26 मई को शाम 5 बजे से राजबाड़ा पर



धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी शामिल होंगे। साथ ही कांग्रेस के कई नेता, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे। प्रदर्शन कर महापौर के इस्तीफे की मांग की जाएगी। चौकसे ने कहा कि पूरे शहर में त्राहिमाम मचाने वाले इंदौर के निष्क्रिय और लापरवाह महापौर का इस्तीफा की मांग की जाएगी। बड़े स्तर पर ये धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होंगे। इसे लेकर पूरी रूपरेखा भी तैयार की जा चुकी है। उनका कहना है कि राजबाड़ा पर धरना प्रदर्शन, भाषण और नगर निगम पर मटके फोड़े जाएंगे। कांग्रेसजन राजबाड़ा से नगर निगम तक जाएंगे और वहां मटके फोड़ेंगे।

## पहले पत्नी का गला दबाकर हत्या की फिर खुद किया सुसाइड

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर के मेघदूत नगर में रहने वाले दंपती की मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस को सोमवार को मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि पत्नी रोशनी की पहले गला दबाकर हत्या की गई, जिसके बाद पति हल्केवीर सिंह ने आत्महत्या कर ली। रिपोर्ट में रोशनी के शरीर पर मारपीट जैसे कुछ निशान भी मिले हैं। हालांकि मामले में अभी दोनों परिवारों के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक, डॉक्टरों ने हल्केवीर सिंह पटेल और उनकी पत्नी रोशनी की पीएम रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है। रिपोर्ट में साफ तौर पर हत्या और आत्महत्या की बात सामने आई है। अब पुलिस रोशनी के भाई, बहन और अन्य रिश्तेदारों के बयान दर्ज करेगी ताकि पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ी जा सकें। इधर, हल्केवीर के परिवार को अब भी यकीन नहीं हो रहा कि उसने ऐसा कदम उठाया। परिजन पीथमपुर में रहने वाले किराएदारों और पड़ोसियों से लगातार जानकारी लेते रहे। वे दोनों के शव और घटनास्थल से जुड़े सबूतों को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं।

इस मामले में सतीश सांवले नाम के युवक का भी नाम सामने आया है। पुलिस ने उसके दो रिश्तेदारों को हिरासत में लिया था। बताया जा रहा है कि इन्हीं में से एक रिश्तेदार ने फोन कर सतीश को दंपति की मौत की जानकारी दी थी।

# बुजुर्गों की अनदेखी पड़ी भारीः बेटे के परिवार को मकान खाली करने का आदेश

### रिश्तों में दरार के बीच प्रशासन बना सहारा

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर के एक बुजुर्ग दंपती को लंबे समय से पारिवारिक प्रताड़ना झेलने के बाद प्रशासनिक राहत मिली है।

सोमवार को कलेक्टोरेट में आयोजित वृद्धजन विशेष जनसुनवाई में एसडीएम कोर्ट ने भरण-पोषण अधिनियम के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए छोटे बेटे के परिवार को मकान का हिस्सा खाली कर दंपती को कब्जा सौंपने के निर्देश दिए हैं।

यह कार्रवाई एक हफ्ते में पूरी करनी होगी। यह मामला वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें त्वरित



न्याय दिलाने की दिशा में सराहनीय पहल है। मामला शिवाजी नगर निवासी हीरालाल कश्यप और धर्मा देवी कश्यप का है। उनके तीन मंजिला मकान में बुजुर्ग दंपती ग्राउण्ड फ्लोर पर रहते हैं, जबकि पहली और दूसरी मंजिल पर उनके दोनों बेटों का परिवार निवास करता है। दंपती की शिकायत थी कि दोनों बेटे और बहुएं उनका ध्यान नहीं रखते, जबकि छोटी बहू के व्यवहार से वे विशेष रूप से परेशान थे। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटी बहू उनके रिश्तेदारों और बेटियों के आने-जाने पर आपत्ति जताती थी और अक्सर विवाद करती थी। उन्हें मकान खाली करने को कहते थे तो नहीं किया।

धर्मा देवी कश्यप ने बताया कि पारिवारिक तनाव के कारण वे लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान थीं। उन्होंने कहा कि रिश्तेदारों और बेटियों के घर आने पर विवाद की स्थिति बन जाती थी, जिससे परिवार में लगातार तनाव बना रहता था। करीब तीन माह पहले दंपती ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत किया था। मामले की सुनवाई के बाद सोमवार को विशेष जनसुनवाई शिविर में एसडीएम घनश्याम धनगर ने छोटे बेटे के परिवार को मकान खाली कर कब्जा सौंपने का आदेश पारित किया। दंपती के एडवोकेट अमित मंडलोई ने बताया कि कश्यप दंपती जूनी इंदौर एसडीएम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर अपने बेटों और पुत्रवधुओं से प्रताड़ना की शिकायत की थी। सुनवाई के बाद प्रशासन ने दंपती के पक्ष में आदेश जारी करते हुए संपत्ति का कब्जा उन्हें सौंपने का आदेश दिया है। खास बात यह कि आदेश में स्पष्ट लिखा है कि अगर निर्धारित अवधि में बेटा-बहू मकान खाली नहीं करते हैं तो तहसीलदार पुलिस बल के साथ मकान खाली कराकर कश्यप दंपती को कब्जा सौंपे। एडवोकेट ने बताया कि कानून के माध्यम से किसी असहाय माता-पिता को उनका हक और सम्मान वापस दिलाना समाज के लिए सबसे बड़ी सेवा है। अक्सर इस उम्र में बुजुर्ग कानूनी बारीकियों को समझने या अदालतों के चक्कर काटने में असमर्थ होते हैं। ऐसे उनके पक्ष में खड़े होना और उन्हें न्याय दिलाना वास्तव में सुकून देता है।

## खबर एक नजर...

### उद्योगपतियों से रेनवॉटर हार्वेस्टिंग और पौधारोपण करने का आह्वान

**उज्जैन।** राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' के तहत 23 मई को देवास रोड नागझिरी स्थित अवंतिका औद्योगिक क्षेत्र में विशेष भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने औद्योगिक इकाइयों के संचालकों से मुलाकात कर उन्हें जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

भ्रमण के दौरान अतिथियों ने औद्योगिक क्षेत्र में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और वृक्षारोपण ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। अतिथियों ने सभी उद्योगपतियों और संचालकों से अपनी-अपनी इंडस्ट्रीज में अनिवार्य रूप से वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने तथा अधिक से अधिक पौधे रोपने का आग्रह किया।

गौरतलब है कि प्रदेश में जल संरक्षण, जन-जागरूकता तथा कुएं, बावड़ी, तालाब व नदियों जैसे सभी जल निकायों के पुनरुद्धार के लिए 19 मार्च गुड़ी पड़वा से 30 जून 2026 तक यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के इंदौर संभाग प्रभारी व संत रविदास अनुयायी समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने, अवंतिका उद्योग कल्याण संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र उज्जैन की प्रबंधक श्रद्धा गोखले और सहायक प्रबंधक मयंक डावर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### धर्म प्रचारक संस्थान के 1008 पाठ संकल्प के तहत दमदमा में हुआ आयोजन

उज्जैन। धर्म प्रचारक संस्थान उज्जैन द्वारा विश्व शांति और धर्म के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सोमवार 25 मई को नागचंद्रेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित सर्व व्याधि हरण हनुमान मंदिर, दमदमा में संगीतमय हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। संस्थान द्वारा उज्जैन के सभी हनुमान मंदिरों में 1008 हनुमान चालीसा संगीतमय पाठ का निशुल्क आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दमदमा स्थित मंदिर में भक्तों ने 11 बार संगीतमय चालीसा पाठ कर विश्राम किया। सुरेश रायकवार के अनुसार इस अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य विश्व में चल रहे युद्धों को समाप्त करना और आम जनमानस को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना है।

# रीवा में हादसा: जैन साध्वियों की दर्दनाक मौत से जैन समाज में भारी आक्रोश, उज्जैन में निकली मौन रैली



### विधायक, जनप्रतिनिधि और साधु-संतों के साथ हजारों समाजजन मौन रैली में हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्यप्रदेश के रीवा में एक तेज रफ्तार कार द्वारा तीन जैन साध्वियों को कुचले जाने की घटना से पूरे जैन समाज में गहरा आक्रोश है। इस भीषण हादसे में दो साध्वियों की मौत के विरोध में सोमवार 25 मई को उज्जैन में सकल जैन समाज ने विशाल मौन रैली निकाली। समाज ने इस घटना को जानबूझकर की गई साजिश बताते हुए उच्च स्तरीय न्यायिक जांच या स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम से जांच कराने की मांग की है। साथ ही देशभर में साधु-संतों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'संत सुरक्षा नीति' लागू करने की पुरजोर मांग करते हुए प्रशासन को प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि 20 मई की दोपहर रीवा कलेक्ट्रेट के सामने धार्मिक परंपरानुसार सड़क किनारे पैदल विहार कर रही तीन जैन साध्वियों को एक तेज रफ्तार कार ने अचानक अपनी चपेट में ले लिया था। टक्कर इतनी भीषण थी कि पूज्य श्रुति मति माता का मौके पर ही निधन हो गया, जबकि उपसमिति माता ने संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीसरी साध्वी आर्यिका माता की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए रीवा कमिश्नर बीएस जामोद, डिप्टी कमिश्नर नरेंद्र सूर्यवंशी और एसपी गुरुकरण सिंह ने अस्पताल और घटनास्थल का निरीक्षण किया था। हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक रशीद आबाद अली शाह मौके से भाग निकला था। रीवा पुलिस के इनपुट के आधार पर जबलपुर की बरगी पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को करीब 270 किलोमीटर दूर बहोरीपार टोल प्लाजा पर गिरफ्तार कर लिया। समाज ने मांग की है कि घटना से जुड़े सभी डिजिटल और सीसीटीवी साक्ष्य सुरक्षित रखे जाएं और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए।

**साधु-संतों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय नीति लागू करने और न्यायिक जांच की उठी मांग**



# 11 आचार्यों ने किया मां क्षिप्रा का दुग्धाभिषेक, विधि-विधान से अर्पित की गई चुनरी





### महाकाल पेढ़ी पर श्रद्धाभाव से मना गंगा दशहरा महापर्व

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गंगा दशहरा महापर्व के समापन अवसर पर क्षिप्रा तट स्थित महाकाल पेढ़ी पर परंपरागत रूप से पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान मां क्षिप्रा की विशेष पूजा कर उन्हें चुनरी अर्पित की गई। पंडित स्वप्निल गुरु नाहर वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्व के समापन पर 11 आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ मां क्षिप्रा का दुग्धाभिषेक किया गया। पूजन-अर्चन के पश्चात पंडित योगेश शर्मा और पंडित मनीष शर्मा ने क्षिप्रा मैया को चुनरी अर्पित की। इसके बाद महाआरती संपन्न हुई और सभी उपस्थित भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया।

आयोजन के अवसर पर आनंद जोशी, संचित शर्मा, श्याम तिवारी, अधिक जोशी, अभिनव शास्त्री और सार्थक शास्त्री सहित कई तीर्थ पुरोहित उपस्थित रहे।

### विश्व साइकिल दिवस 3 जून को होगा 'साइकलोदय विचार-विमर्श 2026'

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आगामी 3 जून को सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल द्वारा 'साइकलोदय विचार-विमर्श 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विक्रम विश्वविद्यालय की पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला परिसर में शाम 4 बजे से होने वाले इस आयोजन में विषय विशेषज्ञ 'वैश्विक संकट में साइकिल की उपयोगिता और उसके महत्व' पर मंथन करेंगे।

संस्था के सचिव विवेक मेश्राम ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों में साइकिल के प्रति जागरूकता बढ़ाना, ईंधन की बचत करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी सुनिश्चित कर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इस आयोजन के दौरान वेबसाइट का अनावरण और साइकिल मित्र सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के तहत 'ईंधन बचाओ, साइकिल अपनाओ' थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के समन्वयक तुषार पिल्लैवार ने बताया कि इसके लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रतियोगिता में 8 से 15 वर्ष और 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी घर बैठे चित्र बनाकर शामिल हो सकते हैं।

# अस्मिता सब जूनियर बालिका बास्केटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चार टीमें

### इंदौर कॉरपोरेशन, भोपाल कॉरपोरेशन, एनबीए इंदौर और डीबीए गुना ने बनाई अंतिम चार में जगह

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन और उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अस्मिता मध्य प्रदेश राज्य बास्केटबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग चैंपियनशिप रोमांचक दौर में पहुंच गई है। शहर में खेली जा रही इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इंदौर कॉरपोरेशन, भोपाल कॉरपोरेशन, एनबीए इंदौर और डीबीए गुना ने शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चैंपियनशिप के मुकाबले प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे और शाम 5 से रात 11 बजे तक खेले जा रहे हैं। इन रोमांचक मैचों में प्रदेश भर से आईं बालिका टीमें उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर रही हैं।

आयोजन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए उज्जैन



विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर अमित श्रीवास्तव और ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज के डायरेक्टर दिलीप धनवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, आलोक इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर आलोक वशिष्ठ और डॉ. एस.एस. पंड्या ने विशेष अतिथि के रूप में आयोजन में शिरकत की। सभी अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति शर्मा, शरद वाघमारे, शैलेंद्र टाइट्स, राष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा पंवार, निमेष उदानिया, रविशा लड्ढा और अर्चना टाइट्स ने किया।

## खबर एक नजर...

### जल गंगा संवर्धन में नपा ने पारसी बावड़ी पार्क पर चलाया सफाई अभियान

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच ने शासन के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के दिन 25 मई को जलकल सभापति श्रीमती छाया वीरेंद्र जायसवाल की उपस्थिति में गांधी वाटिका के पास स्थित पारसी बावड़ी पार्क में अभियान के तहत पार्क की साफ सफाई कर शहर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमती छाया वीरेंद्र जायसवाल ने कर्मचारियों के साथ बगीचे में स्थापित शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा को नमन कर हाथ में झाड़ू थामी और बगीचे की साफ सफाई करते हुए पारसी बावड़ी स्थित कुएं का भी निरीक्षण किया और कुए की रिपेयरिंग सहित सभी आवश्यक कार्य करवाने के निर्देश दिए।

### लायंस क्लब मंदसौर ने जीते तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार

मन्दसौर। इंदौर में आयोजित मल्टीपल कन्वेंशन च्उर्विशज् कार्यक्रम में लायंस क्लब मंदसौर ने तीन बड़े और प्रतिष्ठित अवाड्र्स अपने नाम किए हैं। क्लब को मिले इन गौरवशाली पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड, रत्नेश कुदार को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष अवार्ड तथा क्लब को सर्वश्रेष्ठ नेत्रदान क्लब का अवार्ड शामिल हैं।क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार व सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि सभी सदस्यों के अटूट सहयोग, सेवा भावना और निरंतर समर्थन का ही परिणाम है। यह पुरस्कार टीमवर्क की एक अनूठी मिसाल को दशार्ता है। यह सम्मान समारोह लायंस इंटरनेशनल के सेकंड वाइस प्रेसिडेंट लायन मनोज शाह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रामकिशोर गर्ग सहित कई प्रबुद्ध अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# पुरुषोत्तम मास में गौ माता को खिलाए 55 प्रकार के फल और सब्जियां

### श्री वल्लभ वैष्णव मंडल ने निकाली शोभायात्रा, हुआ गौ ग्रास व छाक लीला महोत्सव, महाप्रभुजी की बैठक में सजे माखन चोरी के मनोरथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री वल्लभ वैष्णव मंडल द्वारा विशेष मनोरथ सप्ताह के अंतर्गत रविवार को गौ चारण मनोरथ का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान गौ माता की शोभायात्रा निकाली गई और सुरभि गार्डन में उन्हें 55 प्रकार के फल व सब्जियों का गौ ग्रास कराया गया। इसके साथ ही महाप्रभुजी की बैठक पर माखन चोरी के मनोरथ के विशेष दर्शन आयोजित किए गए।

मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में गोधूलि वेला में महाप्रभुजी की बैठक से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें ग्वाल बैलगाड़ी पर सवार होकर सुरभि गार्डन पहुंचे। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मार्ग में सैकड़ों वैष्णवों ने कृष्ण स्वरूप और ग्वालों पर पुष्पवर्षा की। कार्यक्रम के मुख्य मनोरथी विजय तिवारी ने सर्वप्रथम गौ माता का पूजन किया। इसके पश्चात सुरभि गार्डन में सजे 55 प्रकार के फल और सब्जियों के स्टॉल पर वैष्णवों व ग्वालों ने अपने हाथों से गौ माता को भोजन कराया।

गौ ग्रास के पश्चात सुरभि गार्डन में छाक लीला महोत्सव मनाया गया। इसमें बच्चे और बड़े मटकी लेकर शामिल हुए और ठाकुर जी का प्रसाद सभी वैष्णवों में वितरित किया गया।

# सभी 130 पंचायतों के शासकीय भवनों में कराई रूफ वाटर हार्वेस्टिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सभी जिलों में जलसंरक्षण के लिए हर वर्ष जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष जो यह अभियान 19 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसहयोग से पानी की एक एक बूँद बचाने का प्रयास है।जिले में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कुमट द्वारा अभियान में सभी जनपद में अमृत सरोवर ,कूप रिचार्ज ,चेकडेम , स्टॉपडेम ,खेत तालाब ,नाला ट्रेन्चिंग के कार्य किए जा रहे हैं एवं पुराने कार्यों में गाद निकालने ,बावड़ी सफाई आदि कार्यों की पूर्णता की दिनरात मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में खाचरौद जनपद में प्रथम चरण में सभी 130 पंचायतों में कम से कम एक शासकीय भवन में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग करवाई गई है। इसके लिए पिछले एक हफ्ते से प्लानिंग की गयी ,तत्पश्चात सभी नोडल ,सचिव ,सहायक सचिव को वर्कशॉप के माध्यम से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की ट्रेनिंग दी गयी। इसके बाद हर 3 पंचायत पर जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को नोडल बनाया गया जिनकी उपस्थिति में पंचायत के सरपंच ,सचिव ,जीआरएस के सहयोग से सभी 130 पंचायत में उपयोगी एवं गुणवत्तापूर्ण वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया।

# जीवनखेड़ी सिकंदरी नवीन मार्ग के दोनो साईट पौधा रोपण करें-संभागायुक्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 के तहत श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात प्रबंधन के लिए नवीन मार्ग निर्माण और ब्रिज निर्माण किए जा रहे है। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन में परेशानी न हो।

रविवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जीवनखेड़ी से सिकंदरी तक मार्ग निर्माण कार्य और दताना-मताना में ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जीवनखेड़ी से सिकंदरी तक निमार्णाधीन मार्ग निर्माण के दौरान मार्ग के दोनो साईट पौधे लगाने का कार्य करें। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे।

संभागायुक्त और कलेक्टरने सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा मास्टर प्लान 2035 में प्रावधानित एमआर- 21 ग्राम जीवनखेड़ी-सिंकदरी का डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां पर 4.8 किलोमीटर लंबे और 30 मीटर चौड़े सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने जानकारी दी कि सड़क के एक ओर से सर्विस रोड़ का निर्माण प्रगतिरत है।

संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के दौरान मार्ग के दोनो साईट पौधे लगाए जाएं। मार्ग में फूटपाथ भी तैयार किया जाए। इसके बाद संभागायुक्त श्री सिंह ने देवास रोड़ के ग्राम दताना-मताना में निमार्णाधीन ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# संत निरंकारी मिशन ने स्थापना दिवस पर दिया सत्य, प्रेम और विश्व बंधुत्व का संदेश

### 1929 में बाबा बूटा सिंह और बाबा अवतार सिंह के ऐतिहासिक मिलन से हुई थी मिशन की शुरूआत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


संत निरंकारी मिशन द्वारा 25 मई को स्थापना दिवस मनाया गया। वर्ष 1929 में इसी दिन बाबा बूटा सिंह जी और बाबा अवतार सिंह जी का ऐतिहासिक मिलन हुआ था। इसी मिलन के साथ संत निरंकारी मिशन का प्रकटीकरण हुआ और मानवता को एक नई दिशा मिली।

मिशन के मुखी त्रिलोक बेलानी ने बताया कि बाबा बूटा सिंह जी ने गुरबाणी के प्रमाण देकर बाबा अवतार सिंह जी को निरंकार प्रभु के दर्शन कराए थे। उन्होंने बताया था कि यही निराकार परम पिता परमात्मा है, जो हर जगह परिपूर्ण है। ज्ञान प्राप्ति के अगले दिन जब दोनों सैर पर निकले, तो बाबा अवतार सिंह जी प्रभु स्मरण में इतने मग्न थे कि उन्होंने गुरु के प्रश्न भी नहीं सुने। उनकी इस एकाग्रता और भक्ति को देखकर बाबा बूटा सिंह जी अत्यंत प्रसन्न हुए और कहा कि उन्हें ऐसे ही शिष्य की खोज थी।

मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने जानकारी दी कि वर्ष 1929 से 1943 तक गुरु और शिष्य की इस जोड़ी ने सत्य, प्रेम, नम्रता और विश्व बंधुत्व का संदेश पूरी मानवता तक पहुंचाया। इसी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक शुरूआत के कारण 25 मई को मिशन के स्थापना दिवस के रूप में जाना जाता है।

# स्कूल और महाविद्यालयों के 500 मीटर में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में जिला एन कोर्ड समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि विद्यालयों, महाविद्यालयों के 500 मीटर में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। औषधि जागरूकता क्लब के माध्यम से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को नशे के खिलाफ जागरूक करें। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर ₹ जीवन को हां, नशे को ना ₹ थीम पर नागरिकों को जागरूक करें। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई और 26 मई को विश्व नशा निवारण दिवस पर नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से नशा मुक्ति के संदेश नागरिकों को दें। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक की कार्यवाही विवरण जानकारी संबंधित पोर्टल पर आज कार्य दिवस में अपडेट करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि ब्रामोकॉल की सप्लाई चैन पर विशेष ध्यान दें। नारकोटिक्स और छात्रों को साथ लेकर सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन ₹ड्रग के सेवन से होने वाले नुकसानों₹ के संबंध में करें। बैठक में जानकारी दी गई कि अप्रैल 2026 में नारकोटिक्स संबंधित 20 प्रकरणों में 31 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। 11 अपराधियों को वर्ष 2026 में एनडीपीएस एक्ट में जिलाबदर किया गया है। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन मानस का नंबर 1933 के बारे में जानकारी भी दी गई।

# श्री सुदर्शन शतकम अनुष्ठान में पधारे श्री श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य गादी स्वामी श्रीनिवास आचार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर रोड स्थित हनुमान गढ़ी के श्री तिरुपति धाम मंदिर में चल रहे 15 दिवसीय श्री सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान और महायज्ञ में श्री श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य गादी स्वामी श्रीनिवास आचार्य जी महाराज कांची से पधारे। उनके आगमन पर रामानुज कोट पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज और तिरुपति धाम के उत्तराधिकारी स्वामी श्री राघवेन्द्राचार्य ने उनका और महाराज श्री बालक स्वामी का स्वागत कर चरण पूजा की। जगद्गुरु और बालक स्वामी के आगमन पर निरुक्त भार्गव, कीर्ति राणा, श्याम सिंह सिकरवार, दिनेश सुखनंदन जोशी, मनोज तिवारी, सत्यनारायण सोमानी, विजय बांगड़ और विनोद शर्मा आदि ने भी उनका आत्मीय स्वागत किया। श्रीकांत धमार्दाय ट्रस्ट के तत्वावधान में 17 मई से शुरू हुआ यह धार्मिक अनुष्ठान 31 मई तक चलेगा। यह भव्य आयोजन श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीकान्ताचार्य महाराज की अध्यक्षता और उत्तराधिकारी स्वामी श्री राघवेन्द्राचार्य महाराज के सान्निध्य में हो रहा है। श्री सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान को पूर्ण विधि-विधान और शास्त्रोक्त पद्धति से संपन्न कराने के लिए अयोध्या से विशेष रूप से विद्वान आचार्य पधारे हैं। इस आयोजन में देशभर से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि अनुष्ठान के तहत प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। रोजाना सुबह 7 से 9 बजे तक भगवान का अभिषेक किया जा रहा है। इसके पश्चात सुबह 9 से 12 बजे तक और दोपहर 3 से 5 बजे तक पाठ का आयोजन होता है।

## खबर एक नजर...

### 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना पुलिस ने घेराबंदी कर 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रूपरा फंटा भानपुरा रोड गरोठ के पास दी, जहां अर्जुनसिंह (45) पिता करणसिंह जाति सौंधिया राजपूत, निवासी चिकनिया कुएं के पास छह केन लिए बैठा मिला। केनों को खोलकर देखा तो उसमें से महुआ की कच्ची शराब की तेज गंध आ रही थी, जिसकी कुल मात्रा ६० लीटर पाई गई। इसके साथ ही अन्य केनों में कच्ची हाथ भट्टी शराब बनाने का महुआ लहान भी भरा हुआ पाया गया।

### सरावगी दिगंबर जैन समाज नीमच के अध्यक्ष निर्वाचित

**नीमच।** दिगंबर जैन समाज नीमच के 2026 से 3 वर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव रविवार को संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी सुमित जिंदाणी सीए नकुल जैन ने बताया कि सुबह 11 बजे दिगंबर जैन मांगलिक भवन में दिगंबर जैन समाज नीमच के निर्वाचन प्रक्रिया हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए विमल सरावगी जीटी तथा अनिल बज गोटे वाला ने निर्वाचन फार्म जमा किये।

# गंगासागर रीजनल पार्क नागरिकों की महती योजना-मंत्री श्री काश्यप

### गंगासागर से मांगल्य मंदिर तक की सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

गंगा सागर रीजनल पार्क पर्यावरण एवं नागरिकों के लाभदायी सिद्ध होगा वहीं गंगा सागर से मांगल्य मंदिर तक बनने वाली सड़क से यातायात के दबाव में कमी के साथ औद्योगिक क्षेत्र व नागरिकों के लिये लाभकारी सिद्ध होगा।

उक्त उद्गार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने महापौर निधि से निर्मित किये जाने वाले गंगा सागर रीजनल पार्क व सूक्ष्म, लघु व मध्यम विभाग निधि से गंगा सागर से मांगल्य मंदिर तक निर्मित की जाने वाली सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिये पर्यावरण को सहेजना अति आवश्यक हो गया है, महापौर प्रहलाद पटेल पर्यावरण को सहेजने का कार्य बखुबी कर रहें है उन्ही के प्रयास से आज नगर के नागरिकों गंगा सागर रीजनल पार्क की सौगात मिली है यह सौगात पुराने गंगा सागर को जीवित करेगी ओर दशकों दशक तक यह पार्क मनोरंजन, पर्यावरण सहित अन्य सुविधाऐं नागरिकों को उपलब्ध करायेगा।



इसके अलावा 1.89 करोड़ की लागत से गंगा सागर से मांगल्य मंदिर तक बनने वाली सड़क रतलाम नगर को विकास के पायेदान पर ओर आगे बढ़ायेगी।

मंत्री माननीय श्री काश्यप ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण के प्रति नागरिकों का जागरूक होना आवश्यक है, नगर के नागरिक आने वाली वर्षा ऋतु में एक-एक पौधा लगाकर उसे पेड़ बनाकर रतलाम को हरियाली से आच्छदित करें। इस अवसर पर मंत्री श्री काश्यप व महापौर श्री पटेल ने पीएम विश्वकर्मा योजना के केलेण्डर का विमोचन किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर में पूर्व में सैलाना रोड पर गंगा सागर क्षेत्र के नाम से हरित क्षेत्र स्थित था जिसका उपयोग नगर वासियो द्वारा पिकनिक स्पॉट के रूप में किया जाता था किन्तु समय के साथ कारणवश यह स्थान विलोपित हो गया एवं नागरिक एक प्रकृति से परिपूर्ण पिकनिक स्पॉट से वंचित हो गए। उन्होने कहा कि पूर्व में स्थापित गंगा सागर क्षेत्र की तर्ज पर पुनः उसी क्षेत्र में हरित क्षेत्र से आच्छदित क्षेत्रीय उद्यान विकसित किया जा रहा है ताकि नागरिको को प्रकृति का आनंद लेने हेतु एक सर्वसुविधा युक्त स्थान उपलब्ध हो सके द्य इसके लिए निगम द्वारा लगभग 10 हेक्टेयर भूमि पर रूपए 6.82 करोड़ से उद्यान विकसित किया जा रहा है इस उद्यान में दो एंट्री गेट, हरित क्षेत्र अंतर्गत उद्यान में सघन वन के रूप में भिन्न प्रजाति के पेड़ो का रोपण इसके अतिरिक्त समस्त प्रकार के छोटे पोधो, झाड़ियों तथा विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के फूलो के पौधो को लगाया जायेगा।

### रीवा में साध्वी दुर्घटना पर आक्रोश, जैन समाज ने सुरक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर ज्ञापन सौंपा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

विगत दिनों रीवा जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने वाहन दुर्घटना में शादी की मृत्यु को घटना के विरोध में सुरक्षा की मांग को लेकर पारसनाथ दिगंबर जैन समाज नीमच के तत्वाधान में सकल जैन समाज ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि तहसील दार संजय मालवीय को ज्ञापन सौंपा।

मुनि वैराग्य सागर जी एवं मुनि सुप्रभ सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में विरोध प्रदर्शन का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिगंबर जैन समाज नीमच के मीडिया प्रभारी अमन विनायका ने बताया कि सुबह 11 बजे सकल जैन समाज जन फोर जीरो विद्युत केंद्र के यहां एकत्रित हुए वहां से वाहन रैली निकाली गई वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकली और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

सकल जैन समाज द्वारा मंगलवार को जिलाधीश के नाम साधु संतों की सुरक्षा के प्रोटोकॉल के लिए ज्ञापन दिया गया सुबह 11 बजे पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से वाहन रैली के रूप में समाजजन निकले और कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल सरावगी , संतोष चोपड़ा, ओसवाल लोढ़ा समाज अध्यक्ष पारस नागोरी, राजमल छाजेड़ , दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मेन, जीनागम, सीनियर सिटीजन ग्रुप के अध्यक्ष ओर सदस्य, मुनि पैदल विहार संघ के सदस्य वह समाज के महिला पुरुष वर्ग उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विमल सरावगी ने किया

# गंगा दशहरा पर शिवना घाट पर हुआ सामूहिक श्रमदान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

गंगा दशहरा पर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर स्थित शिवना नदी के घाट पर सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, कलेक्टर अदिती गर्ग, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी श्रमदान में शामिल हुए।

इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है और जल को प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का अभिन्न



अंग बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभ्यताओं का विकास हमेशा नदियों के किनारे हुआ है और नदी का स्वभाव मनुष्य को परम आनंद की अनुभूति कराता है। गंगा दशहरा का यह पावन दिवस पूरे समाज को जल संरक्षण एवं स्वच्छता का एक बड़ा संदेश देता है। उन्होंने सचेत किया कि भविष्य में गंभीर जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए, वर्तमान समय में ही जल संरक्षण के लिए विशेष और सामूहिक प्रयास बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने किसानों से ड्रिप सिंचाई अपनाने की अपील की ताकि पानी की अधिकतम बचत हो सके। उन्होंने देश में बढ़ती इलेक्ट्रिक ऊर्जा और मंदसौर-नीमच क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा की संभावनाओं पर हो रहे सर्वे की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण सुरक्षित रखने और मां शिवना को प्रदूषण मुक्त बनाने की शपथ दिलाई, जिसमें सभी ने तन, मन और धन से योगदान देने का संकल्प लिया।

### 13 घंटे चले रेस्क्यू के बाद तालाब में डूबी युवती का शव निकाला बाहर

मन्दसौर। जिले के संजीत कस्बे में रविवार शाम से लापता हुई एक 20 वर्षीय युवती का शव सोमवार दोपहर स्थानीय तालाब से बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान वाल्मीकि समाज की चेतना पिता जगदीश निवासी संजीत फोसरी के रूप में हुई है। घटना के बाद नाहरगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम अस्पताल में करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार, चेतना रविवार शाम अपने घर से निकली था, लेकिन जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान संजीत बस स्टैंड के पास स्थित तालाब के किनारे उसकी चप्पलें रखी हुई मिलीं, जिससे उसके पानी में डूबने की आशंका गहरा गई।

# नागेश्वर धाम कॉलोनी में निकली 'गंगा गीत यात्रा'

### बालिकाओं ने धरा गंगा मैया का स्वरूप, आरोग्य भारती के डॉ. अहिरवार ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

उज्जैन। गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में नागेश्वर धाम कॉलोनी में बाल सभा के तत्वावधान में 'गंगा गीत यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं ने गंगा मैया का स्वरूप धारण कर कॉलोनी में भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसका रहवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

कार्यक्रम संयोजक हरेंद्रपाल सिंह चौहान ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य गंगा दशहरा पर्व मनाने के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण के प्रति समाज का ध्यान आकर्षित करना था। इस अवसर पर आरोग्य भारती के डॉ. सत्यप्रकाश अहिरवार ने पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। शोभायात्रा के कॉलोनी भ्रमण के दौरान डॉ. सत्यप्रकाश



अहिरवार, जितेंद्र अग्रवाल, विजय सिंह जादौन सहित उपस्थित मातृशक्ति ने बालिकाओं का स्वागत कर उन्हें स्वल्पाहार भेंट किया।

इस धार्मिक व सामाजिक आयोजन में काईसा, वीरा, नैंसी, ग्रेसी, नन्नू, चिकी, अरु, भूमि, श्री, राधे, तन्वी, भव्या, सोना, हिताशी और मिस्टी आदि बालिकाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

# अघोषित कटौती व भारी-भरकम बिलों के खिलाफ फूटा गुस्सा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जिले में भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती, फर्जी बिजली बिलों और किसानों के कथित उत्पीड़न के विरोध में सोमवार को किसान नेता श्यामलाल जोकचंद व दीपकसिंह गुर्जर के नेतृत्व में किसान, ग्रामीण व आमजन बीपीएल चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां से एक बाइक रैली निकालकर चंबल कॉलोनी स्थित अधीक्षक यंत्री कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय का घेराव करते हुए करीब एक घंटे तक नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि सात दिवस में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जिलेभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान किसान नेता श्यामलाल जोकचंद ने आरोप लगाया कि विभागीय कर्मचारी आम उपभोक्ताओं को प्रताड़ित कर रहे हैं और विजिलेंस टीमों के माध्यम से किसानों पर झूठे बिजली चोरी के



प्रकरण बनाकर भारी-भरकम बिल थमाए जा रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह गुर्जर सहित अन्य वक्ताओं ने भी बिजली विभाग में व्याप्त अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लाइनमैनों की कमी और अनअप्रूव्ड चार्ज के नाम पर उपभोक्ताओं से की जा रही वसूली तुरंत बंद होनी चाहिए। प्रदर्शन के अंत में बिजली विभाग के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा गया,

## खबर एक नजर...



### माय केयर मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक कला का शुभारंभ हुआ

मंडलेश्वर।स्व. श्री बालाराम जी गलबल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर माय केयर मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक कला टावर बड़वाह रोड नर्मदापुरम कॉलोनी मंडलेश्वर के तत्वाधान मे निऋशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 24 मई रविवार को संपन्न हुआ ! शिविर मे इंदौर से विभिन्न क्षेत्रो विशेषज्ञ चिकित्सक ने 180 मरीजों का स्वास्थ्य परिक्षण किया प्रख्यात परम आदरणीय पं श्याम सुंदर महाराज, डॉ प्रत्युश गुप्ता हड्डी व घुटना रोग शल्य चिकित्सक, डॉ मिलन झवर काबरा चर्म रोग, डॉ मनन झवर नाक कान गला विशेषज्ञ,क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव, समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष गुलाब चंद पाटीदार, समाज के तह. अध्यक्ष महेश पाटीदार, विष्णु यादव, दिनेश काका यादव, महेश कुशवाह मधु शुदन पाटीदार माय केयर क्लिनिक के डायरेक्टर सुशील वर्मा परिक्षण लैब इंदौर के नागर रेड क्लिक लैब के सावन पटेल व टीम, योगेश पुनासिया, डॉ अशोक पटेल, नर्मदा होटल सभी डायरेक्टर्स इंजीनियर युगल पाटीदार, प्रशांत पाटीदार व भगवान जी पाटीदार चरक व परिवार जनों ने स्व बालाराम के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारम्भ किया। अंत मे भगवान जी पाटीदार चरक ने सभी का आभार मना।

### खेतों में से विद्युत केबल चोरी होने से किसानों ने थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

जावरा ।नगर हो या आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में भी इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ा हुआ है। चोरियों की ऐसी घटनाओं से आमजन एवं किसान परेशान हो रहे हैं ।चोरी की घटना को लेकर किसानों ने शहर थाना प्रभारी को सोमवार को ज्ञापन दिया। समीप ग्राम सेजावता में रविवार रात्रि में करीब 25 किसानों के कुएं से एक साथ ट्यूबवेल की मोटर से केबल चोरी कर किसानों को खेतों में पानी पिलाने से वंचित कर दिया ।ग्राम के किसान जब सोमवार को प्रातः अपने अपने खेत पर पहुंचे तो वहां ट्यूबवेल एवं मोटर की केबल चोरी हो गई ।जिससे खेतों में लगी उपज में पानी नहीं पिला सके। ग्राम के किसानों ने एकत्रित होकर सोमवार को शहर थाना प्रभारी दीपक मंडलोई को ज्ञापन देकर उक्त चोरी की घटनाओं से अवगत करवाया तथा चोरियों पर अंकुश लगाकर चोरी का पता लगाने की मांग की ।इस मौके पर किसान नेता रमेश धाकड़, शिवनारायण, बाबूलाल धाकड़, जितेंद्र, रामचंद्र धाकड़, कैलाश ,रतनलाल नियमावली, सूर्य प्रकाश, कैलाश धाकड़,बलराम, गोविंदराम ,आशीष माहेश्वरी ,भेरूलाल मेहता ,आदि कृषक गण उपस्थित थे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उपलाई में कलश यात्रा, व जल संरक्षण

जावरा ।गंगा दशहरा के पावन पर्व पर म. प्र.जन अभियान परिषद विकासखंड की नवांकुर संस्था चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसायटी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उपलाई के सानिध्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता-बहनों द्वारा कलश यात्रा से हुआ। इसके पश्चात भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। इस मोके पर जनसमुदाय को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सरपंच शंभू कुंवर सोलंकी, उपसरपंच चम्पालाल राठौर, सहायक सचिव नारायण ठन्ना, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष महेश धाकड़, कोषाध्यक्ष बबलु मेहता, सदस्य लक्ष्मी नारायण मेहता, श्यामलाल मेहता, विनोद मेहता, राजेश मेहता,राकेश मेहता, समाजसेवी रामरतन चोधरी, जगदीश अटोलिया,शान्तिलाल अटोलिया, सत्यनारायण मेहता, विरेन्द्र नायमा, प्रभुलाल मेहता, परमानन्द बोड़ाना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सकल जैन समाज ने विहाररत साधु संतों की रक्षा के लिए प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने की माँग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

सकल जैन समाज सनावद के द्वारा आज प्रातः श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर से मौन रेली निकाल कर स्थानीय पुलिस थाने सनावद पहुंच कर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार महोदय को जैन समाज के साधु संतों की पद विहार करने पर शासन सुरक्षा प्रदान करे इस लिए ज्ञापन प्रेषित किया गया।

ज्ञापन का वाचन सुनील के जैन ने किया।समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया की विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति एवं आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की माँग की जाए साथ ही हॉल ही में ह्रदय विदारक दुर्घटना की और ध्यान आकर्षित कराते हुवे बताया की दिनांक 20 मई 2026 प्रातः 6.30 रीवा म.प्र. शहर में निहार क्रिया से निवृत होने के पश्चात जब दो माताजी वापस आ रहे थे, तभी एक तेज गति से आती हुई, कार के ड्राइवर ने आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी व आर्यिका श्री उपशममति माताजी को जोरदार टक्कर मारकर कुचल दिया व फरार हो गया, इस दुर्घटना में माताजी गंभीर रूप से घायल हो गई व कुछ ही समय बाद दोनों माताजी का समाधि मरण हो गया। यह घटना केवल एक सड़क दुर्घटना भर नहीं मानी जा सकती। उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। अतः इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच की मांग समस्त सकल जैन समाज ने की सरल जटाले ने बताया कि जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ऐसे संतों के साथ लगातार बढ़ती दुर्घटनाएँ एवं हमले सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यन्त चिंताजनक विषय हैं। इस अवसर पर समाज के मुकेश जैन, पवन धनोते, वारिश जैन, सुनील पावणा, सुधीर जैन, हेमंत काका, अक्षय जैन, हर्षित जैन,आशीष झाझरी, हेमचंद पाटोदी, राकेश जैन,पवन गोधा, शैलेश पारेख,शांति लाल जैन, शैलेश लाठीयां, भागचंद जैन, सहित युवा संघ,बहु मंडल, महिला महा समिति ,भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महा सभा के सदस्यों सहित सभी समाजजन उपस्थित थे अंत में सभी का आभार प्रशांत चौधरी ने माना।




### उत्कृष्ट सेवा के लिए मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित

**सनावद।** लायंस इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 की 9 वीं मल्टीपल कन्वेंशन 'उर्विश'का आयोजन इंदौर में किया गया। ला.मनीष शाह ने क्लब की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन को उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित किया। अतिथियों ने जैन के सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि जैन ने लायनवाद के आदर्शों के अनुरूप जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए कार्य किए हैं।

## घटना के विरोध में सकल जैन समाज ने दिया ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

विगत बुधवार को रीवा में विहार कर रही जैन साध्वियों पर एक कार चालक ने साध्वी जी को जोरदार टक्कर मारकर एक साध्वी मौके पर ही एवं एक साध्वी जी का का इलाज के दौरान देवलोक गमन हो गया। एक साध्वी जी का इलाज चल रहा है ।उक्त घटना से जैन समाज में जमकर विरोध व्याप्त है। इसके विरोध में सोमवार को सकल जैन समाज ने घंटाघर चौराहा से काली पट्टी बांधकर वाहनों से मोन जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया।

समाज जनों ने कहा कि जैन साधु साध्वियों के साथ दुर्घटना होना एवं प्राण घातक हमले भी हो चुके हैं। लेकिन रीवा में जो कार चालक ने घटना की वह एक सोची समझी साजिश प्रतीत होती है ।जैन समाज ने उक्त घटना की कड़े शब्दों में निंदा कि। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो एवं जैन साधु साध्वियों को बिहार के दौरान सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उक्त घटना के विरोध में नगर में सकल जैन समाज ने विरोध स्वरूप काली पट्टी हाथों में बांधकर घंटाघर चौराहा से एक मौन वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया ।ज्ञापन की प्रति संसद एवं विधायक को भी प्रेषित की गई ।इस मौके पर राजनीतिक दल एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया। त्रिस्तुतिक श्री संघ अध्यक्ष प्रकाश चौरडिया ,पंकज काठेड़, रितेश जैन, अनिल पोखरना ,पवन पाटनी ,अजय डोषी ,शिखर धारीवाल ,नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा ,प्रकाश कोठारी, नेपाल सिंह डोडिया, हिम्मत सिंह श्रीमाल ,कमल नाहटा, अनिल धारीवाल, संदीप राँका , आदि बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग

बड़वानी। उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि हम समस्त जैन समाज अत्यन्त दुःख एवं गहरी वेदना के साथ आपका ध्यान हाल ही में विहाररत आर्यिका माताजी के साथ हुई अत्यन्त दुखद घटना की ओर आकर्षित करना चाहते हैं, जिसमें संघ की पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। यह घटना केवल एक सड़क दुर्घटना भर नहीं मानी जा सकती।

## तेज आंधी, तूफान एवं खराब मौसम से खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह प्रभावित हुई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

24 मई को जिले में आए तेज आंधी, तूफान एवं खराब मौसम ने किसानों की मेहनत पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया। लोनी, हतनूर, गव्हाना, नागुलखेड़ा, नेर एवं बादखेड़ा सहित कई गांवों में खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह प्रभावित हो गईं। किसानों की पीड़ा देख विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं और खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया।

श्रीमती चिटनिस ने ग्राम गव्हाना में किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। खेतों में बड़ी संख्या में गिरे केले के पौधे, बर्बाद फसलें और परेशान किसानों की स्थिति देखकर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल सर्वे करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्रीमती चिटनिस ने कहा, ₹किसान पूरे वर्ष मेहनत कर फसल तैयार करता है, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उसकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है। ऐसे समय में प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।₹ श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कलेक्टर हर्षसिंह से चर्चा कर राजस्व, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल सर्वे कराने की बात कही। उन्होंने कहा, ₹कई स्थानों पर केले की फसल पूरी तरह जमीन पर गिर चुकी है। कुछ पौधे बाहर से सुरक्षित दिखने के बावजूद अंदर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।₹

उन्होंने समझाया, ₹केला इतनी संवेदनशील फसल है कि एक बार पेड़ हिल जाए तो भी ग्रोथ रुक जाती है। जो पेड़ जमीन पर सो गए हैं वे मृत हैं और जो खड़े दिख रहे हैं वे भी मृतप्राय हैं, दो-चार दिन में समाप्त हो जाएंगे।



## नेपा लिमिटेड में सौ दिवसीय आयुष्मान आरोग्य निक्षय अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड स्थित प्राथमिक उपचार केंद्र परिसर में 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य निक्षय अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने कहा, ₹स्वस्थ कर्मचारी ही किसी भी औद्योगिक संस्थान की वास्तविक शक्ति होते हैं। टीबी उन्मूलन एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान समाज और उद्योग दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु नेपा प्रबंधन सदैव प्रतिबद्ध है। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता स्वस्थ कार्य संस्कृति का महत्वपूर्ण आधार है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि कलेक्टर हर्ष सिंह के निदेर्शानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में मिल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की टीबी स्क्रीनिंग, चेस्ट एक्स-रे, बलगम जांच, एचआईवी जांच, बीपी एवं शुगर जांच की गई।



## बुमराह ने क्या राम चरण का मजाक उड़ाया

### दावा- एक्टर के क्रिकेटर को फुटबॉलर बताने पर कसा तंज, जानें सच्चाई

साउथ सुपरस्टार राम चरण शनिवार को भोपाल में अपनी अपकमिंग फिल्म पेड्डी के म्यूजिक लॉन्च इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान उनसे भारतीय क्रिकेटरों को कुछ शब्दों में बताने के लिए कहा गया। बातचीत में उन्होंने गलती से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को फुटबॉल से जोड़ दिया। वीडियो वायरल होने के बाद राम चरण ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी और इसे भीड़ और उत्साह में हुई गलती बताया।

अब इस मामले से जुड़ी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि बुमराह ने राम चरण की फोटो शेयर कर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, कोई बात नहीं यश भाई, मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं टॉक्सिक का बेसब्री से इंतजार है। हालांकि, यह पोस्ट पूरी तरह फेक और एडिटेड है। बुमराह ने ऐसी कोई स्टोरी पोस्ट नहीं की। कई यूजर इसे सटायर और मीम के तौर पर शेयर कर रहे हैं। क्रिकेटरों को बताया लीजेंड और फायर दरअसल, राम चरण अपनी आने वाली फिल्म 'पेड्डी' के म्यूजिक लॉन्च के लिए भोपाल पहुंचे थे। इस इवेंट में उनके साथ एआर रहमान और जान्हवी कपूर भी मौजूद थीं। कार्यक्रम के दौरान राम चरण से भारतीय क्रिकेटरों को कुछ शब्दों में बताने के लिए कहा गया था। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के करियर को 'लंबा और महान सफर' बताया। महेंद्र सिंह धोनी को 'शांत और कूल' कहा, जबकि रोहित शर्मा को 'हर किसी का पसंदीदा इंसान' बताया। विराट कोहली का नाम सामने आने पर उन्होंने सिर्फ एक शब्द 'फायर' कहा। वहीं इवेंट के दौरान जसप्रीत बुमराह का नाम आने पर उन्होंने कहा, बुमराह जी, मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं। मुझे फुटबॉल बहुत पसंद है और आप फुटबॉल को इतना आगे ले जा रहे हैं। लव यू सर।

मांगी माफी, खुद को बताया भुलक्कड़ वीडियो सामने आने के बाद राम चरण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर बुमराह से माफी मांगी। उन्होंने लिखा, उफ्फ... मैं कभी-कभी नामों को लेकर चीजें भूल जाता हूं। इस गड़बड़ी के लिए जसप्रीत बुमराह जी से माफी मांगता हूं। इतने उत्साह और भारी भीड़ के बीच यह सिर्फ एक इंसानी भूल थी।

# एआई बिकनी वीडियो पर भड़कीं एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत

### फेक कंटेंट फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही

फेक एआई से बने वीडियो और तस्वीरों को लेकर साउथ एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत भड़क गई हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी कई एआई-जनरेटेड तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को बनाने और फैलाने वालों के खिलाफ वह कानूनी और साइबर क्राइम कार्रवाई शुरू कर रही हैं।

रुक्मिणी ने शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर एक नोट शेयर कर लिखा, मेरी टीम और मैंने सोशल मीडिया पर कुछ एआई से बनाई गई तस्वीरें देखी हैं, जिनके बारे में दावा किया जा रहा है कि वो मेरी हैं। मैं साफ कहना चाहती हूं कि ये तस्वीरें पूरी तरह फर्जी और बनाई गई हैं। इस तरह की एडिटेड तस्वीरें बनाना और फैलाना बहुत गैरजिम्मेदाराना है। यह किसी की प्राइवेसी का बड़ा उल्लंघन भी है।


उन्होंने आगे लिखा, हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। इन तस्वीरों को बनाने और फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी और साइबर क्राइम कार्रवाई शुरू की जा रही है। मैं सभी लोगों से अपील करती हूं कि ऐसे कंटेंट को शेयर न करें और न ही उसे बढ़ावा दें। पहले भी कई सेलिब्रिटी एआई-जनरेटेड कंटेंट का शिकार हो चुके हैं, जिनमें रश्मिका मंदाना, कैटरीना कैफ और कीर्ति सुरेश शामिल हैं।





### कौन हैं रुक्मिणी वसंत?

- रुक्मिणी वसंत साउथ फिल्म इंडस्ट्री की तेजी से उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने कन्नड़, तमिल और तेलुगु फिल्मों में पहचान बनाई है। रुक्मिणी ने साल 2019 में कन्नड़ फिल्म बिरबल से फिल्मों में डेब्यू किया। हालांकि, उन्हें असली पहचान साल 2023 में आई फिल्म सप्त सागरदाचे एलो के दोनों पार्ट्स से मिली। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया गया और उन्हें फिल्मफेयर क्रिटिक्स बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड भी मिला।
- इसके बाद उन्होंने बघीरा, भैरथी रनागल और तेलुगु फिल्म अप्पुडो इप्पुडो एप्पुडो में काम किया। साल 2025 में वह तमिल फिल्मों ऐस और मधरसी में नजर आईं। इसी साल रिलीज हुई कांतारा: चैप्टर 1 उनके करियर की सबसे बड़ी और सफल फिल्म बनी। अब वह जल्द ही यश के साथ फिल्म टॉक्सिक में भी नजर आएंगी।



## राजकुमार राव की बतौर निर्माता पहली थिएट्रिकल फिल्म

### दशहरे पर रिलीज होगी रफ्तार, साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश भी लीड रोल में दिखेंगी

राजकुमार राव और साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश स्टारर फिल्म रफ्तार अब 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को पहले जुलाई में रिलीज किया जाना था, लेकिन अब इसे दशहरे के लंबे वीकेंड पर दर्शकों के बीच लाने का फैसला किया गया है। फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियोज का समर्थन प्राप्त है। फिल्म का निर्माण पत्रलेखा ने अपने बैनर कम्पा फिल्म के तहत किया है। यह पत्रलेखा और राजकुमार राव की बतौर निमार्ता पहली थिएट्रिकल फिल्म होगी। फिल्म का निर्देशन आदित्य निम्बालकर ने किया है।

फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर तरुण बाली हैं, जबकि कहानी और स्क्रीनप्ले रोहन नारुला ने लिखा है। फिल्म के वितरण की जिम्मेदारी पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स संभालेगी। फिल्म में अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

**महत्वाकांक्षा, सत्ता और सफलता की दौड़–** रफ्तार एक ड्रामा फिल्म है, जो महत्वाकांक्षा, सत्ता और सफलता की दौड़ में चुकाई जाने वाली भावनात्मक कीमत को दशार्ती है। कहानी भारत की तेजी से बढ़ती एड-टेक इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक स्टार्टअप की तेज सफलता और उसके बाद आने वाले उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। फिल्म यह भी बताती है कि बड़े सपनों की चाहत किस तरह नैतिक सीमाओं को धुंधला कर देती है और निजी रिश्तों को प्रभावित करती है।

# डेविड धवन की पार्टी में गोविंदा नहीं पहुंचे, बेटा यशवर्धन-बेटी टीना नजर आए

## सेलिब्रेशन में सलमान समेत कई सेलेब्स पहुंचे

डायरेक्टर डेविड धवन के सिनेमाई सफर को शनिवार को मुंबई में हुए 'डेविड धवन फिल्म फेस्टिवल' में सेलिब्रेट किया गया। इस खास मौके पर सलमान खान, अर्जुन कपूर, साजिद नाडियाडवाला समेत कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज इवेंट में शामिल हुए।

डेविड धवन की कई फिल्मों के हीरो रहे गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा और बेटी टीना आहूजा भी इवेंट में पहुंचे, लेकिन गोविंदा खुद नजर नहीं आए।

गौरतलब है कि 90 के दशक में गोविंदा और डेविड धवन की जोड़ी ने कुली नंबर 1 और हीरो नंबर 1 जैसी कई सुपरहिट फिल्में दी थीं। फिल्म फेस्टिवल में गोविंदा की गैरमौजूदगी ने एक बार फिर उनके रिश्ते को लेकर अटकलों को हवा दे दी।

साल 2013-14 के दौरान दोनों के रिश्तों में दूरियां आने की खबरें सामने आई थीं। 2019 में आप की अदालत में गोविंदा ने कहा था कि राजनीति छोड़ने के बाद जब वे दोबारा काम की तलाश में थे, तब उनके सेक्रेटरी डेविड धवन के साथ बैठे थे। गोविंदा ने अपने सेक्रेटरी से फोन का स्पीकर ऑन रखने को कहा, ताकि वह सुन सकें कि डेविड उनके बारे में क्या सोचते हैं। तब डेविड धवन ने सेक्रेटरी से कहा, 'चीची (गोविंदा) अब बहुत ज्यादा सवाल पूछने लगा है। इतने सवालों के बाद मेरा उसके साथ काम करने का दिल नहीं है। उसे बोलो कि कहीं कोई छोटा-मोटा काम ढूंढ ले।' गोविंदा ने शो में भावुक होते हुए कहा था कि डेविड धवन की यह बात उनके दिल पर लग गई थी, जिसके बाद उन्होंने ठान लिया कि वे अब कभी डेविड के साथ काम नहीं करेंगे।





### डेविड धवन की नई फिल्म 5 जून को रिलीज होगी

यह फिल्म फेस्टिवल पीवीआर इनोक्स की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें डेविड धवन की सुपरहिट फिल्मों 'पार्टनर', 'मुझसे शादी करोगी', 'राजा बाबू' और 'आंखें' को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। साथ ही उनकी आगामी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की भी चर्चा हुई, जो 5 जून को रिलीज होने वाली है।

सलमान बोले- इसने मेरा एक और गाना उठा लिया इवेंट के दौरान सलमान खान ने वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में उनकी फिल्म के आइकॉनिक गाने 'चुनरी चुनरी' को रीक्रिएट करने पर मजाक में उनकी खिंचाई की। सलमान की इस बात पर वरुण शमार्ने लगे। अब इस बातचीत के वीडियो सामने आए हैं। सलमान ने वरुण की तरफ इशारा करते हुए कहा, इसने मेरा एक और गाना उठा लिया। सलमान की यह बात सुनकर वरुण धवन शर्मा गए और हंसने लगे। उन्होंने हाथ जोड़कर सलमान से कहा, भाई रहने दो।

### आईपीएल का क्वालिफायर-1 आज, बेंगलुरु-गुजरात में मुकाबला, धर्मशाला में 80% बारिश के आसार

# जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ धर्मशाला

आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 में मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस आमने-सामने होंगी। यह मैच धर्मशाला में खेला जाएगा। जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी। हालांकि बारिश होने के 80% आसार हैं।

इस मैच को जीतने वाली टीम के चैंपियन बनने की संभावना ज्यादा होगी क्योंकि 2011 से प्लेऑफ सिस्टम आने के बाद 15 में से 12 फाइनल क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीमों ने जीते हैं।

**रिकॉर्ड 4-4 से बराबर, दोनों के पास बढ़त का मौका-** हेड-टु-हेड रिकॉर्ड में बेंगलुरु और गुजरात बराबरी पर हैं। दोनों के बीच अब तक 8 आईपीएल मैच खेले गए हैं। इनमें 4 मैच बेंगलुरु और 4 गुजरात ने जीते हैं। कोई मैच टाई या बेनतीजा नहीं रहा।

इस सीजन में दोनों टीमों का दो बार आमना-सामना हुआ है और दोनों ने एक-एक जीत हासिल की है। पिछले मुकाबले को गुजरात ने 4 विकेट से जीता था। उससे पहले बेंगलुरु को 5 विकेट से जीत मिली थी।

**कोहली आरसीबी के टॉप स्कोरर, 4 फिफ्टी लगा चुके-** कप्तान रजत पाटीदार की कप्तानी में बेंगलुरु ने इस सीजन अटैकिंग बैटिंग के दम पर 8 बार 200 रन का आंकड़ा पार किया है। विराट कोहली टीम के टॉप स्कोरर हैं। वे एक शतक और 4 फिफ्टी के सहारे 557 रन बना चुके हैं। कोहली के अलावा, पडिक्कल ने 3 और कप्तान पाटीदार ने 4 अर्धशतक लगाए हैं। धर्मशाला में वेंकटेश अय्यर ने पंजाब के खिलाफ नाबाद 73 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी। गेंदबाजी में जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार की जोड़ी ने मजबूती दी है। भुवी टीम के टॉप विकेट टेकर हैं।



**जैकब बेथेल रनों के लिए स्ट्रगल कर रहे-** सीजन की शुरूआत में आरसीबी का मिडिल ऑर्डर आक्रामक था, लेकिन लीग स्टेज के दूसरे हाफ में नंबर 4 से 8 तक के बल्लेबाज फ्लॉप रहे हैं। टीम लगातार कोलैप्स झेल रही है। अनकैप्ड और विदेशी खिलाड़ी जैकब बेथेल रनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

**साई सुदर्शन टॉप स्कोरर, रबाडा ने 24 विकेट झटके-** गुजरात की टीम मजबूत गेंदबाजी और टॉप ऑर्डर के दम पर प्लेऑफ में पहुंची है। दूसरे हाफ में जीटी की गेंदबाजी उसकी सबसे बड़ी ताकत रही है। कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने विरोधी बैटर्स को खूब परेशान किया है। रबाडा 24 विकेट के साथ पर्पल कैप की रेस में हैं। राशिद खान 19 विकेट ले चुके हैं। टीम ने आखिरी लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हराया था। कप्तान शुभमन गिल (616 रन), साई सुदर्शन (638 रन) और जोस बटलर (469 रन) शानदार फॉर्म में हैं। ऑरेंज कैप होल्डर सुदर्शन 7 फिफ्टी लगा चुके हैं।

**फिनिशर्स और लोअर-मिडल ऑर्डर का फ्लॉप शो-** शेरफेन रदरफोर्ड के जाने के बाद नंबर 4 और 5 की पोजीशन जीटी के लिए सिरदर्द बनी हुई है। ग्लेन फिलिप्स और टॉम बैंटन मिले मौकों में निरंतरता नहीं दिखा सके हैं। लोअर ऑर्डर में राहुल तेवतिया और शाहरुख खान पर मैच फिनिश करने का दबाव रहता है। दोनों इस सीजन में काफी इनकंसिस्टेंट रहे हैं।

**मैच के 4 बड़े मैच-अप**

**कोहली-रबाडा:** धर्मशाला की उछाल भरी पिच पर कोहली और रबाडा का मुकाबला अहम रहेगा। देखना होगा कि पावरप्ले में कोहली, रबाडा का सामना कैसे करते हैं। रबाडा विराट को 4 बार आउट कर चुके हैं।

**साल्ट-सिराज:** चोट से लौटे फिल साल्ट बेंगलुरु के बैटिंग लाइन-अप को मजबूती देंगे। उनका सामना मोहम्मद सिराज से होगा। उन्हें सिराज 2 बार आउट कर चुके हैं।

**गिल बनाम भुवनेश्वर:** भुवनेश्वर कुमार अपनी स्विंग से शुभमन गिल की परीक्षा लेंगे। वे गिल को 5 बार आउट कर चुके हैं।

**राशिद बनाम पाटीदार:** रजत पाटीदार स्पिनर्स के खिलाफ खेलने में माहिर हैं, लेकिन उनका सामना राशिद खान से होगा। राशिद इस सीजन में 19 विकेट ले चुके हैं।

**6 में से 5 पारियों में 200+ का स्कोर बनाया-** एचपीसीए मैदान पर इस साल खूब रन बने हैं। यहां खेले गए 3 मैचों की 6 पारियों में से 5 में 200 या उससे ज्यादा का स्कोर बना है। तीनों मैच में टॉस जीतने वाली टीम ने पहले गेंदबाजी कर टारगेट चेज किया। धर्मशाला में मंगलवार को 80% बारिश के आसार हैं। अगर क्वालिफायर-1 बारिश में धुलता है, तो बेंगलुरु बिना खेले फाइनल में पहुंच जाएगी, क्योंकि वह लीग स्टेज के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर थी।

### पॉसिबल प्लेइंग-12

**बेंगलुरु** : विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार, टिम डेविड, वेंकटेश अय्यर, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, रसिख सलाम, सुयश शर्मा और जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट।

**गुजरात** : शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, निशांत सिंधु, जेसन होल्डर, राशिद खान, राहुल तेवतिया, अरशद खान, कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

## विनेश फोगाट के एशियन गेम्स खेलने की गारंटी नही



### लांग लिस्ट में नाम नहीं, ट्रायल जीतीं तो भी ओसीए करेगा अंतिम फैसला; हाईकोर्ट से राहत मिली

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ पंचकूला

दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर ट्रायल में हिस्सा लेने की छूट के बाद भी रेसलर विनेश फोगाट के जापान में एशियन गेम्स-2026 खेलने की गारंटी नहीं है। 19 सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भेजी गई संभावित खिलाड़ियों (लांग लिस्ट) में विनेश का नाम नहीं है।

भारतीय कुश्ती फेडरेशन की ओर से इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन को भेजी सूची में इस रेसलर का नाम नहीं था। आईओसी ने यही लिस्ट आगे एशियन ओलंपिक परिषद और जापान की आयोजन समिति को भेजी। ऐसे में अब ओसीए के रुख पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने विनेश की याचिका पर सुनवाई करते हुए 23 मई को फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि मातृत्व को किसी महिला खिलाड़ी के खिलाफ हथियार नहीं बनाया जा सकता। इसमें विनेश को ट्रायल में हिस्सा लेने की रियायत दी गई थी। यह ट्रायल 30 और 31 मई को होने हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ ने उनके मातृत्व अवकाश और अन्य कारणों का हवाला देते हुए उन्हें शुरूआत में अयोग्य ठहराया था, जिसके कारण उनका नाम लांग लिस्ट में नहीं भेजा। दिल्ली हाईकोर्ट ने केवल उन्हें ट्रायल में शामिल होने का अधिकार दिया है। एशियन गेम्स की टिकट पक्की करने के लिए विनेश को पहले अपनी वेट कैटेगरी का ट्रायल जीतना होगा।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









एलन मस्क का सबसे बड़ा दांव

## स्पेसएक्स का आईपीओ बना सकता है दुनिया का पहला खरबपति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में है। कंपनी की वैल्यू 2 खरब डॉलर तक पहुंच सकती है। स्पेसएक्स आईपीओ के जरिए 75 अरब डॉलर जुटाना चाहती है। अगर यह लक्ष्य पूरा हुआ तो एलन मस्क दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं। कंपनी को स्टारलिंक इंटरनेट कारोबार से बड़ी कमाई हो रही है और निवेशकों की नजर इस आईपीओ पर टिकी है।

टेक दिग्गज एलन मस्क जल्द ही दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं। विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क की अंतरिक्ष एवं सैटेलाइट कंपनी स्पेसएक्स शेयर बाजार में लिस्ट होने की तैयारी में है। कहा जा रहा है कि यह अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। 24 वर्षों से शेयर बाजार से पूरी तरह दूर रही स्पेसएक्स ने नास्डेक, नास्तेक टैक्सस पर एसपीसीएक्स टिकर के साथ लिस्टिंग का आवेदन किया है। कंपनी ने अमेरिकी नियामक (एसईसी) के पास आईपीओ के लिए आधिकारिक तौर पर दस्तावेज जमा कराए। हालांकि आईपीओ के बाद भी स्पेसएक्स पर मस्क का नियंत्रण पूरी तरह बना रहेगा। 1.75 खरब डॉलर से 2 खरब डॉलर के साथ, स्पेसएक्स का आईपीओ मूल्यांकन भारत के पूरे शेयर बाजार से भी बड़ा है। दस्तावेज के अनुसार, कंपनी को स्टारलिंक इंटरनेट से बंपर कमाई हो रही है। अगर कंपनी आईपीओ से 75 अरब डॉलर का फंड जुटाने में कामयाब हो जाती है तो यह सऊदी अरामको के 2019 वाले 29.4 अरब डॉलर के पिछले रिकॉर्ड से करीब तीन गुना अधिक होगा। उससे पहले, 2014 में चीनी कंपनी अलीबाबा ने अमेरिकी शेयर बाजार से 22 अरब डॉलर जुटाए थे, जो उस समय का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था।

वैश्विक संकटों से निपटने को आरबीआई की बड़ी तैयारी

# जोखिम कवच दोगुना कर मजबूत की अर्थव्यवस्था की सुरक्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई ने वैश्विक आर्थिक संकट, महंगे तेल और बाजार में अस्थिरता से निपटने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 1.09 लाख करोड़ रुपये का जोखिम प्रावधान किया है। यह पिछले साल से दोगुना से ज्यादा है। केंद्रीय बैंक ने सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड अधिशेष भी देने का फैसला किया है। इस कदम से सरकार को आर्थिक प्रबंधन और बाजार स्थिरता बनाए रखने में बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है।

दुनिया भर में बढ़ते आर्थिक तनाव, महंगे कच्चे तेल, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और रुपये पर बढ़ते दबाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने देश की अर्थव्यवस्था को संभावित संकटों से बचाने के लिए अपने जोखिम कवच यानी रिस्क बफर को दोगुना से ज्यादा बढ़ा दिया है। आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.09 लाख करोड़ रुपये जोखिम प्रावधान में रखने का फैसला किया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 44,900 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी ज्यादा है। इस फैसले को भारत की आर्थिक सुरक्षा मजबूत करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

### आखिर आरबीआई ने जोखिम कवच इतना बड़ा क्यों किया?

आरबीआई ने साफ संकेत दिया है कि वह वैश्विक और घरेलू आर्थिक जोखिमों को हल्के में नहीं ले रहा। दुनिया में कच्चे तेल की कीमतें लगातार ऊंची बनी हुई हैं। ईरान संकट और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता से भी दबाव बढ़ा है। ऐसे हालात में अगर अचानक बड़ा आर्थिक झटका लगता है तो केंद्रीय बैंक को मजबूत वित्तीय सुरक्षा की जरूरत पड़ती है। इसी कारण आरबीआई ने अपनी बैलेंस शीट को ज्यादा सुरक्षित बनाने का फैसला लिया है। केंद्रीय बैंक ने कंटिंजेंट रिस्क बफर को बैलेंस शीट के 6.5 फीसदी पर बनाए रखा है। हालांकि पिछले साल यह 7.5 फीसदी था, लेकिन आरबीआई की कुल बैलेंस शीट 20.6 फीसदी बढ़कर 91.97 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसी वजह से जोखिम प्रावधान की राशि भी तेजी से बढ़ गई।



### सरकार को रिकॉर्ड अधिशेष से क्या फायदा मिलेगा?

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड अधिशेष हस्तांतरण करने का फैसला भी किया है। यह सरकार के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। बजट 2026-27 में सरकार ने आरबीआई, सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कुल 3.16 लाख करोड़ रुपये लाभांश और अधिशेष मिलने का अनुमान लगाया था। आरबीआई का यह रिकॉर्ड हस्तांतरण उस लक्ष्य का बड़ा हिस्सा पूरा करेगा। इससे सरकार को महंगे तेल, सब्सिडी, संभावित राजस्व कमी और बढ़ते खर्चों के बीच राजकोषीय प्रबंधन संभालने में मदद मिलेगी। साथ ही अतिरिक्त कर्ज लेने का दबाव भी कुछ कम हो सकता है।

### बाजार और अर्थव्यवस्था पर इसका क्या असर पड़ेगा?

अब बाजार की नजर सोमवार को बॉन्ड यील्ड और निवेशकों की प्रतिक्रिया पर रहेगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर बाजार ने इसे सरकार पर वित्तीय दबाव कम करने वाला कदम माना, तो बॉन्ड यील्ड को राहत मिल सकती है। हालांकि महंगे तेल, युद्ध जैसे हालात और कर संग्रह को लेकर चिंता अभी भी बनी हुई है। आरबीआई ने अपनी सुरक्षा दीवार इसलिए भी मजबूत की है क्योंकि उसके पास विदेशी मुद्रा भंडार, सरकारी प्रतिभूतियों और सोने जैसी बड़ी संपत्तियां हैं। डॉलर-रुपया विनिमय दर, सोने की कीमत और वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर उसकी बैलेंस शीट पर पड़ता है। ऐसे में मजबूत जोखिम कवच भविष्य के झटकों से बचाव का काम करेगा।

### आरबीआई की आय इतनी तेजी से कैसे बढ़ी?

आरबीआई की आय में भी इस साल मजबूत बढ़ोतरी देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2025-26 में केंद्रीय बैंक की सकल आय 26.4 फीसदी बढ़ी, जबकि खर्च और जोखिम प्रावधान से पहले व्यय 27.6 फीसदी बढ़ा। इसके बावजूद आरबीआई की शुद्ध आय पिछले साल के 3.13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3.96 लाख करोड़ रुपये हो गई। सोने की कीमतों में तेजी और विदेशी संपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन से बैलेंस शीट का आकार बढ़ा। आरबीआई मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा भंडार पर मिलने वाले ब्याज, अमेरिकी बॉन्ड, सरकारी प्रतिभूतियों, रुपये-डॉलर लेनदेन और बैंकों को दी जाने वाली तरलता सुविधा से कमाई करता है।

## टाटा संस के बोर्ड की अहम बैठक आज

### औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में अब दुर्लभ खनिज भी होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

टाटा संस के बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को होने जा रही है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में समूह की घाटे में चल रही कंपनियों के प्रदर्शन और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। लगातार घाटे में चल रही इकाइयां कारोबार की स्थिति और आगे की योजनाओं पर प्रकाश डालेंगी। नोएल टाटा और एन चंद्रशेखरन के बीच इस मुद्दे पर चर्चा भी हुई थी। 2024-25 में टाटा समूह के गैर-सूचीबद्ध व्यवसायों को करीब 10,905 करोड़ का नुकसान हुआ।

**एलआईसी ने सेंट्रल बैंक में बढ़ाई हिस्सेदारी-** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 6.06 फीसदी कर ली है। पहले यह 3.16 फीसदी थी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में सेंट्रल बैंक ने कहा, एलआईसी ने 22 मई को बाजार खरीद के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता में 26.26 करोड़ शेयर या 2.90 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। उधर, बीएसई पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का शेयर 0.03 फीसदी की गिरावट के साथ 31.29 रुपये पर बंद हुआ।

**औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में अब दुर्लभ खनिज भी होंगे शामिल-** भारत सरकार ने अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का आकलन करने के मानकों में बदलाव की सिफारिश की है। इसके तहत, असंगठित क्षेत्र के लिए अलग सूचकांक तैयार करने का सुझाव दिया गया है। साथ ही, खनन क्षेत्र में लघु खनिजों एवं रेयर अर्थ मिनरल्स (दुर्लभ खनिज) को शामिल करने के साथ ?विनिर्माण क्षेत्र में नए और उभरते उत्पादों को शामिल करने पर जोर दिया गया है। उत्पादक मूल्य सूचकांक के उपयोग की भी सिफारिश की गई है। सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी तकनीकी सलाहकार समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब उद्योग तेजी से बदल रहे हों, तब औद्योगिक आंकड़े स्थिर नहीं रह सकते। नवीकरणीय और गैर-नवीकरणीय बिजली उत्पादन को अलग-अलग मापा जाए। गैस वितरण, जलापूर्ति, सीवरेज और अपशिष्ट प्रबंधन जैसी गतिविधियों को आईआईपी के दायरे में लाया जाए। सरकार ने आईआईपी का आधार वर्ष 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। नई शृंखला एक जून, 2026 से लागू होगी। इसमें कई नए क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिनसे औद्योगिक गतिविधियों की व्यापक और सटीक तस्वीर सामने आएगी।

केंद्र ने वीबी-जी राम जी अधिनियम के मसौदा नियम जारी किए

# ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की नई गारंटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी के लिए 'विकसित भारत झ रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025' के मसौदा नियम जारी किए हैं। 1 जुलाई से लागू होने वाले इस कानून के नियमों पर सार्वजनिक परामर्श मांगा गया है, जो मनरेगा की जगह लेगा और ग्रामीण विकास का नया ढांचा स्थापित करेगा।

केंद्र सरकार ने ग्रामीण भारत में रोजगार और आजीविका की गारंटी देने वाले विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी-राम-जी) के मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ये नियम सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किए गए हैं। इस कानून को 1 जुलाई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा। इन नियमों का उद्देश्य कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है।

ये मसौदा नियम अधिनियम की धारा 33 और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत बनाए गए हैं। इन्हें अंतिम रूप देने से पहले व्यापक हितधारक परामर्श की सुविधा के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। प्रस्तावित नियमों में संक्रमणकालीन प्रावधान, राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति और केंद्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रशासनिक खर्चों, शिकायत निवारण और मजदूरी के भुगतान से संबंधित प्रावधान भी इसमें हैं।

बेरोजगारी भत्ता और सामान्य आवंटन से अधिक खर्च का विवरण भी नियमों में है। इसमें विधायिका रहित केंद्र शासित प्रदेशों के खर्च भी शामिल हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि ये नियम पूरे देश में अधिनियम के लिए संस्थागत, प्रशासनिक, वित्तीय और शासन ढांचा स्थापित करेंगे। परामर्श प्रक्रिया का लक्ष्य सहभागी शासन सुनिश्चित करना और राज्यों, संस्थानों, विशेषज्ञों, नागरिक समाज संगठनों तथा आम जनता से रचनात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करना है।



### मनरेगा से वीबी-जी राम जी में बदलाव

मसौदा नियम मनरेगा से वीबी-ग्राम जी में बदलाव के लिए एक रूपरेखा की तरह हैं। वीबी-ग्राम जी मौजूदा ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम का स्थान लेगा। ये प्रावधान सुनिश्चित करते हैं कि संक्रमण काल में चल रहे कार्य प्रभावित न हों। इसमें देनदारियों का निपटान और अभिलेखों का हस्तांतरण भी शामिल है। ई-केवाईसी सत्यापित जॉब कार्ड की वैधता भी बनी रहेगी। राज्यों द्वारा नई योजना अधिसूचित होने तक श्रमिकों के अधिकार जारी रहेंगे।

ये मसौदा नियम कई महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर करते हैं। इनमें राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति की भूमिका और जिम्मेदारियां शामिल हैं। केंद्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के गठन और कार्यों का भी इसमें उल्लेख है। प्रशासनिक खर्चों का प्रबंधन और शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना भी नियमों का हिस्सा है। मजदूरी और बेरोजगारी भत्ते के भुगतान के तरीके भी स्पष्ट किए गए हैं। सामान्य आवंटन से अधिक होने वाले खर्चों का प्रबंधन भी इन नियमों के दायरे में आता है।

33,660 करोड़ रुपये की भव्य योजना के तहत

## 50 औद्योगिक पार्क स्थापित करने के लिए राज्यों से आवेदन मांगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 33,660 करोड़ रुपये की भव्य योजना के तहत 50 औद्योगिक पार्क स्थापित करने के लिए राज्यों से आवेदन मांगे हैं। यह पहल देश में औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूत कर आर्थिक वृद्धि को गति देगी। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

केंद्र सरकार ने राज्यों को भारत औद्योगिक विकास योजना के तहत 50 औद्योगिक पार्क स्थापित करने का अवसर दिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 33,660 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। राज्यों के पास आवेदन करने के लिए चार महीने का समय है। यह पहल देश में विश्व स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा तैयार करेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 18 मार्च को देश भर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित करने की इस योजना को मंजूरी दी थी। इसका मुख्य लक्ष्य विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा देना और आर्थिक वृद्धि को गति देना है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले दो महीनों में 20 पार्कों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद अगले दो महीनों में 30 और पार्कों के लिए आवेदन मांगे जाएंगे। यह 50 पार्क पहले चरण में स्वीकृत होंगे, जबकि शेष 50 अगले चरण में बनेंगे। योजना का क्रियान्वयन राज्यों और निजी क्षेत्र के खिलाड़ियों की साझेदारी से होगा। इस योजना के तहत 100 से 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। बुनियादी ढांचा विकास के लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता मिलेगी। पहाड़ी राज्यों के लिए 25 एकड़ भूमि पर भी पार्क स्वीकृत हो सकता है। चयन प्रक्रिया चुनौती विधि के माध्यम से होगी। जो राज्य बेहतर सुविधाएं जैसे भूमि, पानी और बिजली देंगे, वे निवेशकों को आकर्षित कर पाएंगे। राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और हरियाणा जैसे राज्य इसमें गहरी रुचि दिखा रहे हैं। योजना में राज्यों के लिए निजी खिलाड़ियों के साथ साझेदारी का भी प्रावधान है। ऐसे प्रस्तावों के लिए केंद्र प्रति एकड़ 50 लाख रुपये की सहायता देगा।

## मुख्यमंत्री बदलने की अटकलें; सिद्धारमैया बोले- हाईकमान ने बुलाया है, इसलिए आया हूं

# कर्नाटक सीएम की आज राहुल-खड़गे के साथ मीटिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और डीप्टी सीएम डीके शिवकुमार आज सुबह 11 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के साथ बैठक करेंगे। राज्य में मुख्यमंत्री और कैबिनेट में बदलाव की चचाओं के बीच दोनों सोमवार रात को दिल्ली पहुंचे।

सिद्धारमैया के साथ कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर भी थे। दिल्ली पहुंचने के बाद सिद्धारमैया ने कहा- हाईकमान ने बुलाया है, इसलिए आया हूं। बैठक का एजेंडा क्या है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। वेणुगोपाल ने फोन कर समय और तारीख बताई थी।

वहीं शिवकुमार ने दिल्ली रवाना होने से पहले कहा, ह्वकुछ परिस्थितियों में दिल्ली जाना जरूरी हो जाता है, इसलिए जा रहा हूं ह्व बैठक को राज्य में



संभावित नेतृत्व परिवर्तन, कैबिनेट फेरबदल और पार्टी के अंदरूनी विवादों से जोड़कर देखा जा रहा है।

कर्नाटक सरकार में मंत्री सतीश जारकीहोली ने कहा कि दिल्ली में होने वाली बैठक का मकसद पार्टी के अंदर चल रहे मुद्दों को सुलझाना है। कांग्रेस कार्यकर्ता गृह मंत्री जी परमेश्वर के समर्थन में भी आवाज उठा रहे हैं। इससे पार्टी के अंदर शक्ति संतुलन की चर्चा और तेज हो गई है।

इससे पहले सोमवार को जब खड़गे से कर्नाटक की राजनीतिक स्थिति पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा- मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगा। राहुल जी बोलेंगे।

खड़गे के इसी बयान को लेकर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष केवल नाम के अध्यक्ष हैं और पार्टी रिमोट कंट्रोल से चल रही है। इतने बड़े मुद्दे पर खड़गे कह रहे हैं कि राहुल गांधी जवाब देंगे। इससे साफ है कि असली ताकत किसके पास है। पूनावाला ने कांग्रेस पर आंतरिक कलह का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में केरल, हिमाचल और अब कर्नाटक में भी सत्ता संघर्ष चल रहा है। उन्होंने कहा- कांग्रेस को जनता से ज्यादा कुर्सी की चिंता है।

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। शिवकुमार के समर्थक विधायकों का कहना है कि 2023 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब मुख्यमंत्री पद के लिए 2.5-2.5 साल की डील हुई थी, लेकिन सिद्धारमैया समर्थक इसे नकारते आए हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का 20 नवंबर 2025 को 2.5 साल का कार्यकाल पूरा हुआ है। कुछ विधायक जो डिप्टी उट डीके शिवकुमार के समर्थक माने जाते हैं, वे दिल्ली जाकर खड़गे से मिले थे।

### नवंबर 2025: शिवकुमार बोले- हमेशा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नहीं रह सकता

शिवकुमार ने कहा था- साढ़े पांच साल हो चुके हैं और मार्च में छह साल हो जाएंगे। अब दूसरे नेताओं को भी अवसर मिलना चाहिए। हालांकि, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा- मैं लीडरशिप में रहूंगा। चिंता मत करिए, मैं फ्रंटलाइन में रहूंगा। मैं रहूं या न रहूं, इससे फर्क नहीं पड़ता। मेरी कोशिश है कि अपने कार्यकाल में पार्टी के 100 ऑफिस बनवाऊं। करीब 20 दिनों की खींचतान के बाद कर्नाटक उट सिद्धारमैया ??????ने कहा था कि जब हाईकमान कहेगा, तब शिवकुमार को मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा। उन्होंने यह बात 'शिवकुमार को कब उट बनाया जाएगा' से जुड़े सवाल पर कही थी। सिद्धारमैया ??????ने कहा था कि हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है और दोनों राज्य सरकार को एकजुट होकर चला रहे हैं।

## यूपी डिप्टी सीएम के चार्टर्ड प्लेन का एक इंजन बंद



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के सरकारी चार्टर्ड प्लेन का मुरादाबाद में सोमवार शाम 4:10 बजे एक इंजन फेल हो गया। उड़ान भरने के लिए पायलट ने जैसे ही इंजन स्टार्ट किया, उसमें से धुआं निकलने लगा। उस वक्त ब्रजेश पाठक और उनकी टीम विमान के अंदर ही थी।

**स्टार्ट करते ही धुआं निकला; मुरादाबाद में उड़ान भरने जा रहा था**

घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गईं। एहतियात के तौर पर विमान को रोक दिया गया और ब्रजेश पाठक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। ॉं बंद हुआ, इसके कारणों का पता लगाया जा रहा है। लखनऊ से एक टीम भेजी गई है। ब्रजेश पाठक जिस विमान में सवार थे, उसका नाम बीचक्रॉफ्ट किंग एअर बी-200 है। यह सरकार के तीन चार्टर्ड प्लेन में से एक है।

ब्रजेश पाठक ने बताया मुरादाबाद से टेकऑफ के समय चार्टर्ड प्लेन का एक इंजन बंद हो गया। उसमें से धुआं निकलने लगा। विमान रनवे पर उड़ने को तैयार था, इसी बीच उसे रोककर मुझे सुरक्षित उतारा गया। डिप्टी सीएम की ये तस्वीर रविवार की है। वे मुरादाबाद पहुंचे थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने कचरा प्रबंधन को लेकर निगरानी कमेटी बनाई:कचरे की अवैध डंपिंग-ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई होगी

### कोर्ट ने रेलवे से पूछा- कचरा कैसे संभालेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम के पालन पर राज्यों की रिपोर्ट आने के बाद सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कचरे की अवैध ट्रांसपोर्ट और अवैध डंपिंग करने वालों की पहचान की जाए। जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों और उनके मालिकों या ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई करें।

कोर्ट ने कहा कि हर जिले की वेबसाइट पर ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अलग पेज बनाया जाए। कलेक्टर इस पेज पर कचरा प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, किए जा रहे सुधार और पुराने कचरे की तस्वीरें अपलोड कराएंगे और रिपोर्ट देंगे। सालों से जमा पुराने कचरे के निपटारे की समयसीमा नहीं बढ़ेगी।

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन की बेंच ने कचरा प्रबंधन नियमों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी बनाई है। इसमें केंद्र के पांच मंत्रालयों के सचिव शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव संयोजक होंगे। यह देशभर में नियमों के पालन की निगरानी करेगी,



निर्देश देगी और अनुपालन समीक्षा करेगी।

यह आदेश भोपाल के डॉ. सुभाष चंद्र पांडेय की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कचरा प्रबंधन की अहमियत बताते हुए महात्मा गांधी के कथन ह्वजो शारीरिक श्रम किए बिना खाता है, वह चोरी का अन्न खाता हैह्व का जिक्र किया।

कोर्ट ने पहली बार रेलवे को दायरे में लिया। कहा- रेलवे स्टेशनों, ट्रैक और प्लेटफॉर्म में रोज बड़ी मात्रा में कचरा निकलता है। मॉनिटरिंग कमेटी रेलवे से जवाब लेकर बताए- अभी क्या व्यवस्था है, आगे क्या कदम उठाएंगे।

कचरा प्रबंधन को सिर्फ सरकारी योजना मानकर नहीं चलाया जा सकता, बल्कि लोगों की आदतें बदलने पर काम करना होगा। इसके लिए स्कूलों में भी इसकी पढ़ाई शामिल करनी चाहिए। अगर बच्चों को सही और काम की जानकारी दी जाए, तो वे अपने घर में भी लोगों को समझा सकते हैं। कलेक्टर स्कूलों और घरों को जोड़कर जागरूकता अभियान चलाएं और उन्हें उदाहरण के तौर पर तैयार करें।

हर इंसान कचरा फैलाता है, लेकिन सभी चाहते हैं कि सफाई का काम सिर्फ सफाई कर्मचारी ही करें। अभी लोगों पर केस करने से बचा जा रहा है, ताकि पहले कचरा प्रबंधन का अच्छा और असरदार सिस्टम तैयार किया जा सके।

### ऊना का पारा 41.6 डिग्री पहुंचा, 28-29 को ओलावृष्टि-तूफान का ऑरेंज अलर्ट

## हिमाचल के 6 जिलों में आज हीटवेव की चेतावनी: 4 डिग्री तक बढ़ेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश में अगले 48 घंटे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग (क्टऊ) ने राज्य के कई जिलों में हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की है। तापमान में आज और कल 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए दिन के समय खासकर मैदानी इलाकों में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

आज यानी 26 मई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया गया। वहीं 27 मई को इन छह जिलों के साथ शिमला जिला में भी हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है।

इसके अलावा 28 मई को भी ऊना, बिलासपुर और सोलन जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट रहेगा। हालांकि इसी दिन से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने की संभावना है, जिससे भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। इसका असर अगले तीन दिन तक रहेगा।

28 और 29 मई को राज्य में भारी ओलावृष्टि, तेज तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज



तूफान चलने का पूर्वानुमान है। राज्य के कुछेक भागों में 60 किलोमीटर की रफ्तार से भी हवाएं चल सकती है। तेज आंधी व ओलावृष्टि से किसानों-बागवानों की फसलों को नुकसान हो सकता है। 30 मई को भी अधिकांश क्षेत्रों में मौसम खराब और बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान है। 31 मई से पूरे प्रदेश में मौसम साफ होगा। इसी तरह, बीते 24 घंटे के दौरान भी कई क्षेत्रों के तापमान में उछाल और कुछेक जगह गिरावट दर्ज की गई। कुल्लू, चंबा और लाहौल स्पीति जिला में कुछेक स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी के कारण तापमान नीचे गिरा, जबकि अन्य शहरों के तापमान में उछाल आया है।

## सीजफायर के बीच अमेरिका का ईरान पर हमला:


# होर्मुज के पास मिसाइल साइट और बारूदी सुरंग बिछा रही बोट्स को निशाना बनाया

ब्रह्मास्त्र ›› ईरान

अमेरिका और ईरान के बीच जारी सीजफायर वार्ता के बीच अमेरिकी सेना ने मंगलवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास बारूदी सुरंग बिछा रही बोट्स को निशाना बनाया। इसके अलावा बंदर अब्बास पोर्ट के पास सरफेस टू एयर मिसाइल साइट पर भी हमला किया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) के मुताबिक यह कार्रवाई सेल्फ-डिफेंस यानी आत्मरक्षा में की गई। सेंटकाम के प्रवक्ता टिमोथी हॉकिन्स ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों और युद्धपोतों को खतरे से बचाने के लिए ये हमले किए गए। अमेरिकी सेना का आरोप है कि बारूदी सुरंगें बिछाने से अंतरराष्ट्रीय जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों को खतरा हो सकता था। हालांकि, हॉकिन्स ने यह भी कहा कि सीजफायर के दौरान अमेरिका संयम बरत रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस हमले से दोनों देशों की बातचीत में थोड़ी रुकावट जरूर पैदा कर सकती है, लेकिन फिलहाल शांति वार्ता रुकती नहीं दिख रही।

ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि या तो अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ भी नहीं होगा। ईरान के शीर्ष प्रतिनिधिमंडल की कतर यात्रा में होर्मुज स्ट्रेट और हाईली एनरिच्ड यूरेनियम सबसे अहम मुद्दे बने हुए हैं। साथ ही ईरान की फ्रीज संपत्तियों को जारी करने पर भी बातचीत हो रही है।




### रिपोर्ट- ईरान अपना एनरिच्ड यूरेनियम भंडार छोड़ने के लिए तैयार

अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान सिद्धांतिक तौर पर एनरिच्ड यूरेनियम भंडार छोड़ने के लिए तैयार हो गया है। इसे इलाके में बढ़ते तनाव को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। वहीं, उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक कतर में ईरानी प्रतिनिधियों की मौजूदगी को भी सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। कतर इस समय अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत कराने में अहम भूमिका निभा रहा है। हालांकि, ईरान ने अभी किसी अंतिम समझौते की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

ʼरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि कई मुद्दों पर सहमति बनी है, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों के बार-बार बदलते बयानों की वजह से बातचीत में दिक्कत आ रही है।

### ट्रम्प बोले- ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगा

ब्रह्मास्त्र ›› ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वे ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि या तो अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ भी नहीं होगा। ट्रम्प ने ईरान के साथ होने वाले समझौते की आलोचना करने वाले नेताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- जिन्हें ईरान के साथ होने वाले समझौते के बारे में कुछ भी नहीं पता है, वे भी इसकी बुराई कर रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा कि ये लोग कमजोर हैं और सिर्फ देश को बांटते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उनका संभावित समझौता 2015 के परमाणु समझौते जैसा नहीं होगा। ट्रम्प ने ओबामा के समझौते को आपदा बताया और दावा किया कि उससे ईरान के लिए परमाणु हथियार तक पहुंचने का रास्ता खुल गया था।

## ट्रम्प मुस्लिम देशों से बोले- इजराइल से दोस्ती करें: पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी



ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजराइल के साथ रिश्ते बेहतर करने को कहा है। उन्होंने शनिवार को सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र और जॉर्डन के नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की।

ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम अकॉर्ड्स (समझौते) में शामिल हों। यानी इजराइल के साथ रिश्ते बेहतर करें।

ट्रम्प ने कहा कि वअए और बहरीन पहले से अब्राहम समझौते का हिस्सा हैं। कुछ देशों के पास इसमें शामिल न होने की ह्यएक-दो वजहेंह्व हो सकती हैं, लेकिन ज्यादातर देशों को इसके लिए तैयार होना चाहिए।

दरअसल, पाकिस्तान समेत इन मुस्लिम देशों ने अभी तक इजराइल को मान्यता नहीं दी है। ये देश इजराइल के साथ व्यापारिक और डिप्लोमेटिक से लेकर किसी भी तरह का रिश्ता भी नहीं रखते हैं।

### चीन बोला- भारत दलाई लामा उत्तराधिकार मामले से दूर रहे

## यह हमारा आंतरिक मसला, तिब्बत मुद्दे में बाहरी दखल मंजूर नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› बीजिंग

चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। चीन का यह बयान ऐसे समय आया है जब 27 मई को भारत के धर्मशाला में सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (उळअ) यानी निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रमुख पेनपा त्सेरिंग दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं। दलाई लामा भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई। बयान में कहा गया कि भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए। यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-चीन संबंधों के लिए जरूरी है। सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (उळअ) के नए राजनीतिक प्रमुख पेनपा त्सेरिंग की जीत ने चीन की चिंता बढ़ा दी है। बीजिंग को डर है कि भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व भविष्य में उसकी मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकता है।



पेनपा त्सेरिंग ने फरवरी में हुए चुनाव में 61% से ज्यादा वोट हासिल किए थे। नियमों के मुताबिक, 60% से अधिक वोट मिलने पर उम्मीदवार सीधे विजेता घोषित हो जाता है। इसलिए उन्हें दूसरे दौर के मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। पेनपा त्सेरिंग का जन्म कर्नाटक के बायलाकुप्पे में हुआ था, जहां बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं। उन्होंने चेन्नई के मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज से पढ़ाई की और लंबे समय से निर्वासित तिब्बती राजनीति में सक्रिय रहे हैं। चीन को आशंका है कि अगर उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व के हाथ में रही, तो वे बीजिंग की मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकते हैं।

### पाकिस्तानी पीएम के बाद अब आर्मी चीफ भी चीन पहुंचे, शहबाज ने शी जिनपिंग से मुलाकात की

शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर भी चीन पहुंचे हैं। दोनों ने सोमवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। फिलहाल चीनी सरकारी मीडिया ने अभी बातचीत की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

यह बैठक ऐसे समय हुई जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म कराने की कोशिशें तेज हैं। चीनी सरकारी मीडिया के मुताबिक शहबाज शरीफ ने इससे पहले चीन के प्रधानमंत्री ली च्यांग से भी बातचीत की।

चीन की ओर से जारी बयान में शी चिनफिंग ने पाकिस्तान की तारीफ करते हुए कहा कि उसने मिडिल ईस्ट में शांति बहाल करने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाने की पहल की है।

### इबोला वायरस ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित, भारत अलर्ट पर, इससे कांगो में 20 दिनों में 200 की मौत

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने इबोला वायरस को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। इसके बाद भारत सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। खास तौर पर कांगो, युगांडा और सूडान की यात्रा करने वालों को सावधान रहने को कहा गया है। सरकार ने कहा है कि इन देशों से लौटने वाले लोग अगर बुखार, कमजोरी, उल्टी, दस्त, गले में दर्द या शरीर में दर्द जैसे लक्षण महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को बताएं। एयरपोर्ट पर भी जांच बढ़ा दी गई है।

कांगो में पिछले 20 दिनों में करीब 200 लोगों की मौत हो चुकी है। वहां इबोला का डर इतना बढ़ गया है कि सैनिटाइजर और मास्क की कीमत कई गुना बढ़ गई है। अस्पतालों पर भी दबाव बढ़ रहा है।

अमेरिका ने कांगो, युगांडा और रवांडा से आने वाले यात्रियों की एयरपोर्ट पर जांच शुरू कर दी है। यात्रियों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। चीन ने भी इबोला को लेकर चेतावनी जारी की है। अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों पर नजर रखी जा रही है।

जापान ने इबोला को लेकर यात्रा जोखिम चेतावनी जारी की है। एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग और मेडिकल जांच मजबूत की गई है। फ्रांस ने भी एयरपोर्ट पर निगरानी बढ़ा दी है। यात्रियों की जांच और अस्पतालों की तैयारी को मजबूत किया जा रहा है। पूरी दुनिया में इबोला वायरस डिसीज (एश्ऊ) से पीड़ित मरीजों में 25% से 90% की मौत होती है। इबोला वायरस पहली बार 1976 में अफ्रीका में सामने आया था। उस समय सूडान और तत्कालीन जायरे (अब डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो) में इसके मामले मिले थे।

### बांग्लादेश में ईद मनाने जा रहे लोगों से भरा ट्रक पलटा, 15 लोगों की मौत

बांग्लादेश के टांगाइल जिले में ईद मनाने घर जा रहे लोगों से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा सोमवार सुबह करीब 4 बजे ढाका-टांगाइल-जमुना ब्रिज हाईवे पर सराटाइल इलाके में हुआ। पुलिस के मुताबिक ट्रक में लोहे की छड़ें भरी हुई थीं। उसी ट्रक में तिरपाल के नीचे यात्रियों को भी बैठाया गया था। रास्ते में चालक ने वाहन पर कंट्रोल खो दिया, जिसके बाद ट्रक पलट गया। हादसे में कई लोग ट्रक के नीचे और लोहे की छड़ों के बीच दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घायलों और शवों को टांगाइल जनरल अस्पताल पहुंचाया गया है। मरने वालों की पहचान तुरंत नहीं हो सकी।

बांग्लादेश में हर साल ईद के दौरान ऐसे हादसे बड़ी संख्या में होते हैं। लोग सामान ढोने वाले ट्रकों और खुले वाहनों में सफर करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़. जाता है। आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ ईद उल फितर 2026 के दौरान बांग्लादेश में 315 सड़क हादसे हुए, जिनमें 322 लोगों की मौत और 826 लोग घायल हुए थे।

### आपराधिक रिकॉर्ड के चलते अमेरिका में भारतीय नागरिक गिरफ्तार, डिपोर्ट किया जा सकता है

अमेरिका के लॉस एंजिलिस में अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने भारत के 26 साल के परमिंदरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (कठक) के मुताबिक अब उन्हें अमेरिका से डिपोर्ट करने की कार्रवाई हो सकती है। बताया कि परमिंदरपाल सिंह पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें गाड़ी चोरी, गैरकानूनी तरीके से घुसपैठ और तोड़फोड़ जैसे आरोप शामिल हैं।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना- 2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | | 53 | | 2 | | 4 | = | 71 |
| | | | | | | | | |
| 66 | | 43 | | 4 | | 5 | = | 22 |
| | | | | | | | | |
| 45 | | 1 | | 5 | | 4 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 2 | | 4 | | 20 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 25 | | 20 | | 5 | | 4 | = | 6 / 59 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | श | सु | ज | सु | ह | ग | व | धी | ल | उ |
| अ | व | क्र | प्रे | व | अ | स | ट | ह | र्म | म |
| ग | य | न | ध | टी | ख़ू | स | भि | य | त | रा |
| र | लि | ल | भा | अ | ता | ब | द | ह | ख | ब |
| तु | स | अ | ऋ | दो | र | षा | सू | या | प | जा |
| म | क | र्त | व्य | त | म | ला | र | र | श | न |
| न | स | अ | क | ह | न | भि | ट | शा | त | व |
| हे | अ | ल | ल | व | जी | अ | ऐ | नि | प | सा |
| ते | या | य | अ | त | क | छ | प्प | न | शा | चू |
| क | म | बा | तैं | व | ढू | ठी | ट | अ | जू | न |
| रा | र | अ | प | अ | व | लो | क | न | प | ठ |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | 4 | | 6 | |
| | 33 | 6 | 36 | | 30 | 1 |
| 1 | | 7 | | 5 | | 3 |
| 4 | 32 | | 32 | | 32 | 4 |
| 7 | | 1 | 4 | | 2 | |
| | 37 | | 25 | 7 | 36 | |
| 3 | | 5 | | 2 | | 6 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

शाम को बाजार में भीड़ थी इसी भीड़ में पति-पत्नी एक दूसरे से लड़ने में व्यस्त थे और लगभग 100 लोग उनके इस तमाशे का मजा ले रहे थे, कुछ इसका वीडियो बनाने में लगे थे......

बात कुछ यूं थी कि पत्नी जिद कर रही थी अपने पति से कि आज आप कार खरीद ही लीजिए.....

मैं थक गई हूं आपकी मोटर साइकिल पर बैठ बैठ कर......

पति ने कहा- ओए पागल औरत तमाशा ना बना मेरा दुनिया के सामने, मोटर साइकिल की चाभी मुझे दे....



पत्नी- नहीं, तुम्हारे पास इतना पैसा है, आज कार लोगे तो ही घर जाऊंगी....

पति- अच्छा तो ले लूंगा, अब चाभी दो....

पत्नी- नहीं दूंगी

पति- अच्छा, मत दो, मैं ताला ही तोड़ देता हूं

पत्नी ने कहा- तोड़ दो लेकिन ना चाभी मिलेगी ना मैं साथ जाऊंगी


पति बोला- अच्छा तो मैं फिर चलता हूं..

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# पेट्रोल-डीजल के दाम इस महीने चौथी बार बढ़े

## पेट्रोल-डीजल का प्राइस ब्रेकडाउन




*नोट: ये पेट्रोल डीजल का जनरल प्राइस ब्रेकडाउन है। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग टैक्स की वजह से कीमतें अलग होती है।*

# दिल्ली में पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा हुआ

## 2024 से दाम नहीं बदले थे, चुनाव से पहले कटौती हुई थी

# अन्य चीजों के दाम भी बढ़ सकते हैं

**तेल कंपनियों ने आज, 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है।**

**मालभाड़ा बढ़ेगा: ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे। खेती की लागत: ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी।**

## 11 दिन में पेट्रोल ₹7.40 डीजल ₹7.52 तक महंगा

| तारीख | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| 15 मई | ₹3 | ₹3 |
| 19 मई | 90 पैसे | 90 पैसे |
| 23 मई | 87 पैसे | 91 पैसे |
| 25 मई | ₹2.61 | ₹2.71 |

*अब दिल्ली में पेट्रोल ₹102.12, डीजल ₹95.20 प्रति लीटर*

## देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम

| शहर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 102.12 | 95.20 |
| मुंबई | 111.21 | 97.83 |
| कोलकाता | 113.51 | 99.82 |
| चेन्नई | 107.77 | 99.55 |
| भोपाल | 114.65 | 99.74 |
| रायपुर | 107.96 | 101.17 |
| जयपुर | 112.66 | 97.78 |
| पटना | 112.70 | 99.87 |
| चंडीगढ़ | 101.53 | 89.63 |
| लखनऊ | 102.05 | 99.28 |
| देहरादून | 100.20 | 97.10 |

पेट्रोल-डीजल के दाम रुपए/लीटर

## बेस प्राइस से तीन-चार गुना तक बढ़ जाती है

*अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति के आधार पर देश में ईंधन के दाम तय किए जाते हैं। सरकारी तेल कंपनियां ह्यडेली प्राइस रिवीजनह्न के तहत हर दिन सुबह 6 बजे नए रेट अपडेट करती हैं। उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले तेल की कीमतों में कई तरह के टैक्स और खर्च जुड़ते हैं:*

*1. कच्चे तेल की कीमत (बेस प्राइस): भारत अपनी जरूरत का करीब 90% क्रूड आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदे गए बैरल के हिसाब से प्रति लीटर तेल की कीमत तय होती है।*

*2. रिफाइनिंग और कंपनियों का चार्ज: कच्चे तेल को देश की रिफाइनरियों में साफ करके पेट्रोल-डीजल बनाया जाता है। इसमें रिफाइनिंग लागत और कंपनियों का मार्जिन शामिल होता है।*

## पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपए घटाई थी

*3. केंद्र सरकार की एक्साइज ड्यूटी: रिफाइनरी से निकलने के बाद केंद्र सरकार इस पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) और रोड सेस लगाती है। यह देशभर में सभी राज्यों के लिए समान होती है।*

*4. डीलर कमीशन: तेल कंपनियां जिस रेट पर डीलर्स को ईंधन बेचती हैं, उसमें डीलर्स का अपना निश्चित कमीशन जोड़ा जाता है, जो पेट्रोल और डीजल के लिए अलग-अलग होता है।*

*5. राज्य सरकार का वैट (श्अळ): सबसे आखिर में राज्य सरकारें अपने हिसाब से वैट या लोकल सेल्स टैक्स लगाती हैं। चूंकि हर राज्य की वैट दरें अलग होती हैं, इसलिए दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे अलग-अलग शहरों में ईंधन की कीमतें भी अलग-अलग हो जाती है।*

*देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मार्च 2024 से स्थिर बनी हुई थीं। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले सरकार ने कीमतों में ?2 प्रति लीटर की कटौती कर जनता को राहत दी थी। हालांकि, तकनीकी रूप से भारत में ईंधन की कीमतें विनियमित हैं और कंपनियां अंतरराष्ट्रीय क्रूड की 15 दिनों की औसत कीमत के आधार पर हर दिन रेट बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण इन्हें लंबे समय तक नहीं बदला गया।*

### पेट्रोल इस्तेमाल में उत्तर प्रदेश टॉप पर

देश में सबसे ज्यादा पेट्रोल की खपत उत्तर प्रदेश में होती है। यहां वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 5157.8 हजार मीट्रिक टन पेट्रोल की खपत हुई। पेट्रोल की सबसे कम खपत लक्षद्वीप में हुई, यहां 1.1 हजार मीट्रिक टन पेट्रोल का इस्तेमाल हुआ।

### तेल कंपनियों को अब भी हर दिन 600 करोड़ का घाटा

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज बताया कि इस बढ़ोतरी के बाद सरकारी तेल कंपनियों का घाटा कम हो गया है। अब यह घाटा घटकर करीब 600 करोड़ रुपए प्रति दिन रह गया है। 15 मई से शुरू हुए कीमतों में बदलाव से पहले पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) बेचने पर कंपनियों को रोजाना लगभग 1,000 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा था।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में क्यों हुई बढ़ोतरी?


इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं।

क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

### तेल कंपनियों को हर महीने 30 हजार करोड़ का घाटा हो रहा था

सरकार के मुताबिक, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सरकारी कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण घाटे में चल रही थीं ।

## देश के कुल पेट्रोल की 69% खपत सिर्फ 10 राज्यों में




**नोट:** डेटा वित्त वर्ष 2025-26 का है। सोर्स: PPAC
**देश में कुल खपत:** 42586.2
**इन 10 राज्यों में खपत:** 29,541.1

■ वर्ष-12 अंक-202 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**भूमिः कीर्तिः यशो लक्ष्मीः पुरुषं प्रार्थयन्ति हि।**
**सत्यं समनुवर्तन्ते सत्यमेव भजेत् ततः॥**

**भावार्थ** : भूमि, कीर्ति, यश और लक्ष्मी, सत्य का अनुसरण करनेवाले पुरुष की प्रार्थना करते हैं। इस लिए सत्य को हि भजना चाहिए।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 26 मई, 2026

**सत्यहीना वृथा पूजा सत्यहीनो वृथा जपः।**
**सत्यहीनं तपो व्यर्थमूषरे वपनं यथा॥**

**भावार्थ** : उज्जड जमीन में बीज बोना जैसे व्यर्थ है, वैसे बिना सत्य की पूजा, जप और तप भी व्यर्थ है।

## सम्पादकीयम्

### राष्ट्रस्य कृते ऊर्जा आत्मनिर्भरता!

राष्ट्रस्य कृते ऊर्जा आत्मनिर्भरता! पीएम मोदी इत्यस्य चिन्ता एते च ४ कारकाः : भारतं केषां मागार्नाम् विषये विचारं कुर्वन् अस्ति? पेट्रोलियममन्त्रालयेन पेट्रोल-डीजलयोः उपभोगं निवारयितुं सार्वजनिकयानस्य विद्युत्वाहनानां (ईवी) च उपयोगं कर्तुं जनसामान्यं प्रति आह्वानं कृतम् अस्ति। पश्चिम एशियायां संकटस्य कारणेन कच्चे तैलस्य मूल्यं वर्धमानं वर्तते, तस्मात् भारतीयरूप्यकस्य उपरि दबावः वर्धते। देशस्य अन्तः इन्धनस्य अभावः नास्ति इति आश्वासनं सर्वकारेण दत्तम् अस्ति। प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य अनन्तरं सोमवासरे पेट्रोलियम-प्राकृतिकगैसमन्त्रालयेन अपि आह्वानं कृतम् यत् नागरिकेभ्यः पेट्रोल-डीजल-उपभोगं न्यूनीकर्तुं सार्वजनिकयानस्य, ईवी-इत्यस्य च विकल्पं कर्तुं आग्रहः कृतः। एतत् आह्वानं पश्चिम एशियायां दीर्घकालीनसंकटात् उद्भूतम् अस्ति; यदि स्थापनं स्थास्यति तर्हि केचन सावधानतायाः उपायाः कार्यान्विताः भविष्यन्ति इति अनिवार्यम् आसीत्। परन्तु सम्प्रति सर्वकारेण स्वस्य कार्यवाही अपीलपर्यन्तं सीमितं कृत्वा युगपत् राष्ट्रे इन्धनस्य अभावः नास्ति इति आश्वासनं दत्तम्। रुप्यकस्य उपरि दबावः। पेट्रोल-डीजल-उपयोगस्य न्यूनीकरणस्य वकालतस्य अतिरिक्तं पीएम-नरेन्द्रमोदी-महोदयः एकवर्षपर्यन्तं सुवर्णक्रयणात् परहेजस्य आवश्यकतां, तथैव प्राकृतिक-गैसस्य, उर्वरकस्य च वर्धमान-व्ययस्य।

### ट्विशा शर्मा प्रकरणे प्रमुख मोड़

# एम्स दिल्ली दल द्वितीय पोस्टमार्टम कर मृत्योः १२ दिवसेभ्यः अनन्तरं अन्त्येष्टि



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेशस्य राजधानी भोपालनगरे बहुचर्चितस्य उच्चस्तरीयस्य च मृत्युप्रकरणे रविवासरे एकः अत्यन्तं महत्त्वपूर्णः प्रमुखः च विकासः अभवत्-एतत् घटनानां मोडः अस्य सम्पूर्णस्य विषयस्य अन्वेषणाय नूतनां दिशां दत्तवान्। मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयस्य कठोरस्य महत्त्वपूर्णस्य च आदेशस्य अनन्तरं एम्स् दिल्ली-देशस्य प्रतिष्ठिततमस्य चिकित्सासंस्थायाः विशेषः, उच्चस्तरीयः न्यायिकदलः शनिवासरे रात्रौ एव भोपालनगरम् आगतः आसीत्। रविवासरे प्रातःकाले एम्स भोपालस्य वैद्यैः सह सहकार्यं कृत्वा वरिष्ठवैद्यानां चतुर्णां सदस्यानां अस्य दलस्य मृतकस्य ट्विशा शर्मा इत्यस्याः शवस्य द्वितीयं पोस्टमार्टमपरीक्षा कृता। इदं अत्यन्तं जटिलं संवेदनशीलं च प्रक्रिया, या प्रायः त्रयः घण्टाः यावत् यावत् चलति स्म, वैज्ञानिकप्रोटोकॉलानाम् उन्नतचिकित्सापद्धतीनां च सख्तपालनेन, कठोरविडियोग्राफीनिरीक्षणेन च कृता शवपरीक्षाप्रक्रियायाः आरम्भात् पूर्वं त्विषायाः भ्राता मेजर हर्षितशर्मा तस्याः भगिन्या च आधिकारिकतया शवस्य परिचयं कृतवन्तौ, तदनन्तरं चिकित्सामण्डलेन विलम्बं विना कार्यवाही आरब्धा।

अस्मिन् उच्चस्तरीयप्रकरणे न्यायिकविशेषज्ञानाम् दलेन केवलं चिकित्सालयपरिसरस्य एव व्याप्तिः सीमितः नासीत्; दीर्घकालं यावत् मृत्योः पश्चात् प्रक्रियां सफलतया सम्पन्नं कृत्वा तत्क्षणमेव एम्स-दिल्ली-दलः-स्थानीयपुलिस-अधिकारिभिः सह, सुरक्षा-विवरणेन च सह-कटारा-पर्वतेषु गिरिबाला-सिंहस्य निवासस्थानं प्रति अगच्छत्, यत्र त्विषा-शर्मा-महोदयस्य संदिग्ध-परिस्थितौ मृता आसीत् गृहं प्रविश्य न्यायिकदलेन विशिष्टकक्षस्य-परिसरस्य च-यत्र पूर्वस्य मॉडलस्य अभिनेत्र्याः च शरीरं लम्बमानं दृश्यते स्म, तस्य अत्यन्तं निमेषं सुक्ष्मं च निरीक्षणं कृतम् विशेषज्ञाः अपराधस्थलात् भौतिकसाक्ष्याणां अनेकाः महत्त्वपूर्णाः खण्डाः एकत्रितवन्तः, कक्षस्य संरचनात्मकविन्यासस्य, तस्य आयामानां (उच्चता सहितं), अन्येषां विविधानां तकनीकीमापदण्डानां च सम्यक परीक्षणं कृतवन्तः प्रत्याशितम् अस्ति यत् न्यायिकदलः अपराधस्थलात् एकत्रितानां एतान् तकनीकीनिष्कर्षान् प्रमाणान् च स्वस्य मृत्योः पश्चात् प्रतिवेदनेन सह पार-सन्दर्भं करिष्यति यत् मृत्युस्य वास्तविककारणं सटीकसमयं च सम्यक निर्धारयिष्यति। एम्स दिल्ली इत्यस्य न्यायिकचिकित्साविभागस्य प्रमुखः डॉ. सुधीरगुप्तः अस्याः सम्पूर्णस्य वैज्ञानिकप्रक्रियायाः विषये महत्त्वपूर्णविवरणं साझां कृतवान् यत ऊतकविकृतिविज्ञानं, आन्तरिकविश्लेषणं, अन्ये च केचन आवश्यकाः प्रयोगशालापरीक्षाः अद्यापि लम्बिताः सन्ति फलतः अन्तिमस्य व्यापकस्य च प्रतिवेदनस्य निमार्णे किञ्चित समयः स्यात्। अन्वेषणसम्बद्धानि सर्वाणि महत्त्वपूर्णनमूनानि, छायाचित्राणि, वीडियोग्राफी-दृश्यानि, तेषां प्रारम्भिकलिखितनिष्कर्षाणि च स्वैः सह गृहीत्वा चिकित्सादलस्य।

### रङ्गमुद्रणयन्त्राणां

# क्रयणार्थं १.७५ कोटिरूप्यकाणां अवधिऋणं

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

एतत् भुक्तिं प्रमाणयितुं एकं जाली पञ्जीकरणदस्तावेजं निर्मितम् यत्र एच् डी एफ सी बैंकस्य चेकं भुक्तिविधिरूपेण उद्धृतम्; यदा तु वास्तविकतायां केवलं 13,75,000/- एव वस्तुतः भुक्तम् आसीत्। २०२३ तमस्य वर्षस्य डिसेम्ब-मासस्य २१ दिनाङ्के अभियुक्तैः केनरा-बैङ्कस्य (कनडिया-मार्गशाखा) शाखाप्रबन्धकं तरुणभार्गवं प्रति आवेदनपत्रं प्रदत्तं यत् रङ्गमुद्रणयन्त्राणां क्रयणार्थं १.७५ कोटिरूप्यकाणां अवधिऋणं, २० लक्षरूप्यकाणां नकदक्रेडिट् (सीसी)सीमा च आग्रहीत् तदनन्तरं शाखाप्रबन्धकः तरुणभार्गवः स्वस्य व्यक्तिगतप्रवेशप्रमाणपत्रस्य उपयोगेन अस्य ऋणानुरोधस्य विस्तृतविवरणं बैंकस्य स्वामित्वयुक्ते आवेदनपत्रे अपलोड् कृतवान्- यत् इति नाम्ना प्रसिद्धम् अस्ति।

बैंकस्य परिपत्राणां (यत् १ कोटिभ्यः अधिकस्य कस्यापि व्यावसायिकऋणस्य कृते शाखाप्रबन्धकेन एमएसएमईसुलभकार्यालयस्य च एकेन अधिकारीणः संयुक्तनिरीक्षणस्य अनिवार्यतां ददाति) प्रकटतया उल्लङ्घने तरुणभार्गवः सम्पत्तिस्य यूनिटपरिसरस्य च एकान्तनिरीक्षणं कृतवान्, तदनन्तरं निरीक्षणप्रतिवेदनं च निर्मितवान् अपि च, २०२३ तमस्य वर्षस्य डिसेम्र्ब-मासस्य २९ दिनाङ्के प्रसंस्करण-अधिकारी खुशबू-सिलावतः अपि आन्तरिककार्यालयसञ्चिकायाः अन्तः यूनिटस्य सत्यापनसम्बद्धं टिप्पणं मिथ्यारूपेण अभिलेखितवान्, यद्यपि सः वास्तविकं भौतिकनिरीक्षणं न कृतवान्, न च सञ्चिकायां तत्सम्बद्धं निरीक्षणप्रतिवेदनं संलग्नवान् ऋणप्रस्तावस्य अनुशंसा त्वरितानुमोदनं।

## सः अपि अवदत् यत् अस्मिन् विशिष्टे प्रसङ्गे शिकायतां

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

इदानीं विश्वविद्यालयप्रशासनं प्रतिपादयति यत् छात्रशिकायतां गम्भीरतापूर्वकं गृह्यते, यदा यदा गुणवत्तायाः न्यूनता ज्ञायते तदा तदा गन्दगीसञ्चालकस्य विरुद्धं कार्यवाही क्रियते इति। छात्रावासस्य वार्डेनः शशङ्क पाठकः उक्तवान् यत् यदा कदापि छात्राः भोजनस्य विषये शिकायतां कुर्वन्ति तदा अन्वेषणं क्रियते। सः अपि अवदत् यत् अस्मिन् विशिष्टे प्रसङ्गे शिकायतां प्राप्य तत्कालं जाँचः आरब्धः, मेस्-सञ्चालकस्य उपरि दण्डः अपि कृतः अस्ति भविष्ये एतादृशाः घटनाः पुनः न भवन्ति इति सुनिश्चित्य कठोरसतर्कता स्थास्यति इति प्रशासनस्य दावाः। परन्तु केवलं दण्डं दत्त्वा समस्यायाः समाधानं न भविष्यति इति छात्राणां मतम्। तेषां आरोपः अस्ति यत् अव्यवस्थायां स्वच्छतायाः गुणवत्तायाः च मानकानां निरन्तरं उपेक्षा क्रियते, तस्मात् छात्राणां स्वास्थ्याय खतरा भवति।

## राशिफल

**मेष** : आत्मविश्वास कमजोर रहेगा। शाम को दोस्तों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। व्यापारिक स्थिति लाभकारी रहेगी।

**वृषभ** : किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। व्यापारिक विस्तार मिल सकता है।

**मिथुन** : आपकी क्रिएटिविटी चरम पर रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के संकेत हैं, जिससे आर्थिक स्थिरता मिल सकती है।

**कर्क** : आय के नए स्त्रोत बनेंगे और पुराने साधनों से भी पैसे आएंगे। नौकरी में प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** : भावनाओं को नियंत्रण में रखें। धन की स्थिति सामान्य रहने वाली है। व्यापारिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

**कन्या** : धन के मामले में सतर्क रहें, वरना नुकसान हो सकता है। मानसिक तनाव का शिकार हो सकते हैं।

**तुला** : अविवाहित जातकों के लिए योग्य विवाह प्रस्ताव भी आ सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**वृश्चिक** : व्यापार में नए अवसर मिलेंगे। आर्थिक रूप से आप बेहतर स्थिति में आ सकते हैं। आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है।

**धनु** : धैर्य से कार्यों को करें, नतीजे आपके पक्ष में रहेंगे। सकारात्मकता बनाए रखने के लिए परिवार के साथ समय बिताएं।

**मकर** : धन की स्थिति बढ़िया रहेगी और बचत के कई अवसर सामने आएंगे। व्यापारिक रूप से आप बेहतर स्थिति में आएंगे।

**कुंभ** : धन की स्थिति सामान्य रहेगी। व्यापार में नुकसान की आशंका है। लव लाइफ में नयापन महसूस करेंगे।

**मीन** : दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सेहत सामान्य रहेगी। कामकाज में व्यस्तता संभव है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 2032 तक इस एक राशि पर रहेगी शनि की नजरें, सेहत-कारोबार को लेकर रहें अलर्ट

शनि की साढ़े साती का समय मुश्किलों भरा होता है। इस दौरान जातकों को करियर-कारोबार से लेकर सेहत के मामले में सतर्क रहना चाहिए। इस दौरान जातकों का मानसिक दबाव बढ़ सकता है, इसलिए धैर्यवान रहें।

ज्योतिष शास्त्र में शनि को सबसे महत्वपूर्ण ग्रह माना जाता है, क्योंकि वह साधक को कर्म के आधार पर फल देते हैं। यही नहीं शनि सबसे धीमी गति से चाल चलने वाले ग्रह भी हैं, इसलिए व्यक्ति पर उनका शुभ-अशुभ प्रभाव भी लंबे समय तक रहता है। यही कारण है कि, शनि की साढ़ेसाती भी बेहद प्रभावशाली होती है, जिसका असर व्यक्ति के करियर-कारोबार से लेकर



प्रेम जीवन व सेहत पर दिखाई देता है। ज्योतिषियों के अनुसार, शनि की साढ़ेसाती कुल साढ़े सात वर्ष की होती हैं। यह समय व्यक्ति के लिए कष्टकारी और धैर्य की परीक्षा का माना जाता है। वर्तमान में तीन राशियों पर इसका प्रभाव बना हुआ है। लेकिन मीन राशि वालों पर यह 2032 तक रहने वाली हैं। ऐसे में यह अवधि मीन राशि वालों के लिए कैसी रहेगी, आइए जानते हैं।

**मीन राशि पर साढ़ेसाती का प्रभाव-** ज्योतिष गणना के मुताबिक, वर्तमान समय में मीन राशि के जातकों पर शनि की साढ़ेसाती का दूसरा चरण चल रहा है, जिसे सबसे चुनौतीपूर्ण माना जाता है। जून 2027 से इसका तीसरा चरण शुरू होगा। इसके बाद साल 2032 तक यह पूरी तरह समाप्त होगा।

इस पूरे समय के दौरान शनि की दृष्टि मीन राशि वालों के करियर, स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और रिश्तों पर गहरा असर डाल सकती है। हालांकि, यह समय सिर्फ कठिनाइयों का नहीं, बल्कि धैर्य और जीवन को नए सिरे से समझने का भी होता है।

ज्योतिषियों के अनुसार, मीन राशि वालों को 2032 तक अपने हर कदम को सोच-समझ कर उठाने की जरूरत होगी। जल्दबाजी या बिना योजना के किए गए काम नुकसान दे सकते हैं। साथ ही आपके तनाव का स्तर भी बढ़ सकता है। इस समय करियर और कारोबार में कई बार रुकावट आ सकती हैं। आर्थिक मामलों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, इसलिए खर्चों पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी होगा।

उपाय

ज्योतिषियों के मुताबिक, शनि की साढ़ेसाती होने पर शनिवार के दिन व्रत रखना लाभकारी होता है। इससे कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होती हैं। शनिवार को शनि देव की पूजा करना शुभ माना जाता है। काले तिल, काली उड़द, सरसों का तेल और काले कपड़े का दान करने से शनि के अशुभ प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही नियमित रूप से शनि मंत्र या शनि चालीसा का पाठ करने से मानसिक शांति मिलती है और जीवन में स्थिरता आने लगती है।

## खबर एक नजर...

### 4 माह की पुत्री के साथ 2 साल बाद मिली युवती

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम नीमखेड़ा कपेली से 11 मई 2024 को लापता हुई युवती को 2 साल बाद पुलिस ने राजस्थान से खोज निकाला। युवती 4 माह की पुत्री के साथ मिली। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि लापता होने के दौरान युवती को बालिग होने में कुछ माह शेष थे। परिजनों ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी और अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की बात कहीं थी। लगातार तलाश के 2 साल बाद पता चला कि लापता युवती राजस्थान के रामगंजमंडी में निवास कर रही है। एक टीम दस्तयाबी के लिये रवाना की गई। जहां उक्त युवती 4 माह की पुत्री के साथ मिली। उसे माकडोन लाया गया। जहां तराना से महिला अधिकारी को बुलाकर बयान दर्ज किये गये। युवती ने बताया कि माता-पिता उसकी इच्छा के विरूद्ध शादी करना चाहते थे। जिसके चलते नाराजा होकर घर से बिना बताये चली गई थी। राजस्थान पहुंचने पर परिचित युवक गोविंद चौहान द्वारा उसके रहने में सहायता की, समय गुजरने पर मार्च 2025 में उसने गोविंद से विवाह कर लिया। दोनों की 4 माह की पुत्री है। युवती ने अपने साथ कोई जबरदस्ती नहीं होना बताया। उसने पति के साथ रहने की बात कहीं। थाना प्रभारी के अनुसार युवती के न्यायालय में बयान दर्ज कराकर उसे पति के साथ भेजा गया है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली 2 बच्चों की मां की मौत

**उज्जैन।** अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खाने वाली 2 बच्चों की मां सोनू पति जितेन्द्र तोमर 30 साल निवासी अंजुश्री कालोनी मक्सीरोड की रविवार रात मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि पति रिक्शा चलाता है। घर में कोई वाद-विवाद नहीं था, सबकुछ अच्छा चल रहा था। सोनू तोमर के मायके खरगोन से परिजन भी उज्जैन पहुंच गये थे। उन्होंने भी किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया, उनका कहना था कि हर 3-4 दिन में बात होती थी, सोनू ने कभी कोई परेशानी नहीं बताई। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार फिलहाल कारण सामने नहीं आने पर मामला जांच में लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### इंदौर में हुई टक्कर, उज्जैन आकर की मारपीट

**उज्जैन।** रायल ट्रेवल्स की इंदौर-उज्जैन के बीच यात्री बस चलाने वाले चालक के साथ इंदौररोड पर कार चालक ने बस रोक अपने साथियों के साथ मारपीट की। चरक अस्पताल में भर्ती बस चालक संजय पिता श्यामलाल 42 साल सांवेर ने बताया कि वह इंदौर से बस लेकर उज्जैन आ रहा था। इस दौरान सामने चल रही कार ने अचानक ब्रेक लगा दिये थे। पीछे से बस टकरा गई थी। उस दौरान कहासुनी हुई और मामला शांत हो गया। उज्जैन आने पर उक्त कार चालक ने इंदौररोड पर बस रोक ली और साथियों को बुलाकर डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वह मारपीट करने वालों का नाम से नहीं जानता है। मामले में पुलिस ने घायल बस चालक के बयान दर्ज कर मारपीट करने वालों की तलाश शुरू की है।

### शाजापुर के बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** माकडोन के रूपाखेड़ी-घौंसला मार्ग सामानेरा फंटा पर 20 अप्रैल को हुई दुर्घटना में वैशाली पति राहुल शर्मा 30 साल निवासी राजगढ़ की मौत हो गई थी। वहीं पुत्र तनीष्क शर्मा 10 साल, पार्थ शर्मा 6 साल और रिश्तेदार घनश्याम पिता भंवरलाला शर्मा 53 साल रतलाम घायल हो गये थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। एक माह बाद जांच पूरी होने पर बाइक क्रमांक एमपी 42 झेडबी 2672 के चालक की लापरवाही सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया है। बाइक चालक शाजापुर का रहने वाला सामने आया है। जिसकी गिरफ्तारी कर बाइक जप्त की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 557-7 | 255-2 |
| मेन बाजार | 226-0 | 147-2 |
| मिलन डे | 679-2 | 400-4 |
| मिलन नाइट | 170-8 | 158-4 |

1 7 8

## पूर्व में 2 लोगों को बेच चुके थे, दलाल के साथ गिरफ्त में आने पर भेजा जेल

# मकान का सौदा कर शातिर मां-बेटे ने हड़पे 6 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




शातिर मां-बेटे ने अपने मकान का सौदा कर 6 लाख रुपए हड़प लिये। दोनों के साथ मकान का सौदा कराने वाला दलाल भी मिला हुआ था। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर मां-बेटे के साथ दलाल का गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों को जेल भेजा गया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सांदीपनी नगर में रहने वाले भगवतीसिंह परमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपना मकान बेच दिया था और दूसरा मकान खरीदने की तलाश में था। उसकी मुलाकात नीरज श्रीवास्तव से हुई। जिसने मकान दिलाने पर 2 प्रतिशत दलाली की बात कहीं। उसके द्वारा तिरूपतिधाम कालोनी कानीपुरा में मकान दिखाया गया। पसंद आने पर मकान मालिक जयश्री पति स्व. कैलाश मालवीय और उसके पुत्र राहुल मालवीय से फरवरी माह में एग्रीमेंट किया गया। सौदा 17 लाख में किया गया था। 6 लाख रुपए एडवांस चैक के माध्यम से दिये गये और शेष राशि रजिस्ट्री के दौरान देना तय हुआ। दलाल नीरज ने भी 2 प्रतिशत दलाली के 34 हजार रुपए ले लिये। जयश्री मालवीय और उसके पुत्र से मकान संबंधित दस्तावेज मांगे और लेकिन दोनों ने नहीं दिये। मकान की रजिस्ट्री कराने को कहा तो अनाकानी करने लगे। दोनों से एडवांस राशि वापस मांगी गई तो एक माह बाद देने की बात कहीं गई, लेकिन अप्रैल माह तक राशि वापस नहीं लौटाई गई। दबाव बनाने पर मां-बेटे ने कहा कि दलाल नीरज राशि वापस लौटा देगा। नीरज ने एक्सिस बैंक का चैक दिया लेकिन उसके खाते में बैलेंस नहीं था। बोलने पर दूसरा चैक दिया वह भी बाउंस हो गया। एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद मामले में मां-बेटे और दलाल के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया और तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### एक के नाम रजिस्ट्री, दूसरे से लिया एडवांस

भगवतीसिंह परमार के साथ हुई धोखाधड़ी की जांच में पता चला कि जयश्री मालवीय और उसका पुत्र राहुल शातिर प्रवृति के है। उन्होंने कुछ समय पहले उक्त मकान का सौदा अंकित वर्मा नामक व्यक्ति कर 5 लाख रुपए से अधिक प्राप्त कर लिये है। यहीं नहीं उक्त मकान की रजिस्ट्री 2022 में संदीप गुप्ता के नाम से की जा चुकी है। आशंका जताई जा रही है कि मां-बेटे की धोखाधड़ी का शिकार कुछ लोग और सामने आ सकते है।

### चाय की दुकान पर काम करता था राहुल

बताया जा रहा है कि उक्त राहुल मालवीय कुछ साल पहले काफी चर्चा में आया था। जब वह चाय की दुकान पर काम करता था। उसी दौरान उसके खाते में करोड़ों का ट्रांजेक्शन पाया गया था। तब पुलिस जांच में खाते में ट्रांजेक्शन से ही राहुल ने तिरूपतिधाम कालोनी में मकान खरीदना बताया था और खाता इंदौर से जुड़े लोगों द्वारा संचालित करना बताया था। यहीं नहीं राहुल मालवीय उसके बाद से कई मामलों में चिमनगंज थाने पहुंचा, उसके द्वारा आये दिन शिकायत की जाती है, यहीं नहीं उस पर भी कई आरोप लगते रहते है।

## दूसरे दिन दर्ज कराई चाकूबाजी की शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रविवार देर शाम हुई चाकूबाजी में आधा दर्जन से अधिक चाकू लगने पर युवक गंभीर घायल हो गया था। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो शिकायत दर्ज कराने से मना कर दिया गया। लेकिन सोमवार देर शाम मामले में शिकायत दर्ज करा दी गई। नीलगंगा थाना क्षेत्र के राजीव रत्न मल्टी में रविवार को घूरकर देखने की बात पर मोनू चौहान का मल्टी में रहने वाले सोनू मराठा, गोलू मराठा, जीतू मराठा, छोटू उर्फ टंकी सहित अन्य से विवाद हो गया था। विवाद होता देख सोनू की मौसी का लड़का प्रेम पिता तिलक कुरवाड़िया बीच-बचाव करने आ गया। जिस पर विवाद कर रहे युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। प्रेम आधा दर्जन से अधिक चाकू लगने पर खून से लथपथ हो गया। उसे परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार चल रहा है। विवाद में चाकू मारने वाले पक्ष के कुछ युवक भी घायल हुए। मामला नीलगंगा थाने पहुंचा तो पहले दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराने से मना कर दिया और चले गये। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि रविवार को शिकायत दर्ज कराने से मना करने के बाद सोमवार शाम घायल के परिजन वापस थाने आये और शिकायत दर्ज कराने की बात कहीं। मामला चाकूबाजी का होने और युवक के घायल होने पर मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### कथा का सामान लेने जा रहे ग्रामीण को मारा चाकू

कथा का सामान लेने पुत्र के साथ जा रहे ग्रामीण का पुराने विवाद में 4 लोगों ने रास्ता रोक चाकू मार दिया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तराना थाना क्षेत्र के ग्राम कनासिया में रहने वाले कैलाशचंद्र पिता रामचरण 42 साल को सोमवार शाम चरक अस्पताल लाया गया। कैलाशचंद्र के सिर पर चाकू का घाव था। घायल के परिजनों ने बताया कि पुत्र आदित्य के साथ कथा के लिये पूजन सामग्री लेने जा रहे थे। रास्ते में बाइक रोककर सदानंद पटेल और उसके 3 साथियों ने चाकू से हमला किया है।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार कर खोला क्लीनिक

### स्वास्थ्य विभाग ने किया था सील, प्रकरण दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को सील किये गये क्लीनिक को सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार कर सोमवार को खोल लिया गया। स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली तो दोबारा सील करने की कार्रवाई कर क्लीनिक की डॉक्टर के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि उज्जैन से स्वास्थ्य विभाग की टीम इंगोरिया बीएमओ डॉ. विजेन्द्रसिंह अजनार के साथ शाम को थाने आई थी। टीम द्वारा बताया कि आजाद चौक में कमला की दवा निस्वार्थ सेवा संस्था नामक क्लीनिक को बिना अनुमति संचालित किये जाने पर सील किया था। बिना अनुमति क्लीनिक की डॉ. पल्लवी मंडल की शिकायत दर्ज कराई। मामले में बीएमओ डॉ. अजनार की शिकायत पर डॉ. पल्लवी मंडल के खिलाफ धारा 223 का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं संदेही सरोज मंडल की भूमिका के साथ अन्य की विवेचना शुरू की गई है। विवेचना के बाद धाराओं का इजाफा किया जा सकता है। जानकारी यह भी सामने आई है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लीनिक सील किये जाने के बाद संचालक द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार की खबर फैलाई गई कि परिवार में कार्यक्रम होने पर क्लीनिक बंद है। जिसे सोमवार से खोला जायेगा। वहीं मामले में स्वास्थ्य विभाग टीम के डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि क्लीनिक बीएचएमएस डिग्री धारक पल्लवी मंडल द्वारा संचालित किया जा रहा था। लेकिन वह खुद क्लीनिक पर नहीं बैठती है। उनका भाई आने वाले मरीजों का एलोपैथी पद्धति से उपचार करता है। जो सही नहीं है। विदित हो कि कुछ समय पहले मंछामन कालोनी स्थित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में 11 साल की बालिका का अपेंडिक्स ऑपरेशन किया था। बालिका की मौत हो गई थी, जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल के निर्देश पर पूरे जिले में प्रायवेट अस्पतालों और क्लीनिकों की जांच शुरू की गई है। जिसमें अधिकांश गलत तरीके से संचालित होना सामने आ रहा है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम सील करने की कार्रवाई कर रही है।

## आरोपी के चाचा से आरक्षकों द्वारा मारपीट का आरोप

# कांग्रेस ने घेरा चिमनगंज थाना, 2 पुलिसकर्मी लाइन अटैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कांग्रेस ने सोमवार सुबह चिमनगंज थाने का घेराव कर दिया। मामला आरोपी के नहीं मिलने पर उसके बेगुनाह चाचा से मारपीट करने और परिवार की महिलाओं से अभ्रदता का था। मामला संज्ञान में आते ही एसपी ने 2 पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया और जांच के आदेश जारी किये।

रविवार रात शहीदनगर प्रकाशसिंह चौहान और क्षेत्र के रहने वाले पवन डागर के बीच विवाद हो गया था। प्रकाशसिंह ने चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने पर आरोपी पवन दोबारा साथियों के साथ प्रकाशसिंह के घर पहुंचा और गर्दन पर चाकू रख घर में तोड़फोड़ की। मामले की जानकारी लगते ही चिमनगंज थाना पुलिस शहीदनगर पहुंची। पवन और उसके साथी भाग निकले थे। पुलिसकर्मियों ने पवन के पीएचईकर्मी चाचा योगेश डागर को पकड़ लिया। जिसके चलते विवाद की स्थिति बन गई। पुलिसकर्मियों ने योगेश को पीट दिया, बीच-बचाव के लिये परिवार की महिला पहुंची तो उन्होंने भी पुलिसकर्मियों पर अभ्रदता करने के आरोप लगाना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मी योगेश डागर को थाने लेकर आ गये। सुबह इस बात की जानकारी शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी को लगी तो वह नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय और अन्य साथ आरोपी के नहीं मिलने पर बेवजह उसके चाचा के साथ हुई मारपीट के विरोध में थाने का घेराव करने पहुंच गये। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पुलिस अपनी कार्रवाई करें लेकिन बिना वजह किसी के साथ मारपीट ठीक नहीं है। योगेश डागर को छोड़ा जाये। मामला गरमाता देख सीएसपी पुष्पा प्रजापत थाने पहुंची। मामला एसपी प्रदीप शर्मा के संज्ञान में आ गया। उन्होने तत्काल प्रभाव से आरक्षक जगदीश गेहलोत और अभिषेक राठौर को लाइन अटैच कर जांच के आदेश जारी कर दिये। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने योगेश डागर का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने से छोड़ दिया। जिसके बाद कांग्रेस द्वारा घेराव प्रदर्शन समाप्त किया गया।

### पवन डागर और साथियों की तलाश

थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि प्रकाश चौहान की शिकायत पर पवन डागर और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। विवादित स्थल शहीद नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी देखे गये है। जिसमें पवन प्रकाश चौहान की गर्दन पर चाकू रखता दिखाई दे रहा है। मारपीट और तोड़फोड़ कैमरे में दिखाई दी है। पवन की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है, उसके हिरासत में आने पर 4 अन्य साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी। चौहान और डागर परिवार के बीच विवादित मामला पूर्व से चला आ रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com